नई दिल्ली
शनिवार, 12 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 88
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम 51 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को 'रोजगार मेला' का आयोजन होने वाला है, जिसमें पीएम मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। पीएम नव-नियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे।

### गृह सचिव का कार्यकाल 22 अगस्त तक बढ़ाया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल अगले वर्ष 22 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मोहन को अगस्त 2024 में गृह सचिव के रूप में नामित किया गया था। उन्होंने पिछले साल 22 अगस्त को अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल पूरा होने के बाद कार्यभार संभाला था।

## भारत ने नेस्तनाबूद किए 9 आतंकी ठिकाने, नुकसान का कोई सबूत है तो दिखाएं

# ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की आलोचना करने वाले विदेशी मीडिया को एनएसए की दो टूक...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान भारत को हुए नुकसान को लेकर गलत और भ्रामक जानकारी देने वाले विदेशी मीडिया की शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने जमकर क्लास लगाई। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत को अपनी कार्रवाई पर गर्व है। हमने 7 मई की रात में 1 बजे के बाद बेहद सटीकता के साथ मात्र 23 मिनट में सीमा पार पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादियों के कुल 9 ठिकानों को पूरी तरह से मटियामेट कर दिया था।

अभियान में सटीकता इसलिए थी क्योंकि भारत ये बखूबी जानता था कि कौन कहां पर है? इसके बावजूद विदेशी मीडिया के पास अगर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए किसी भी नुकसान की कोई भी तस्वीर है या मैं कहूंगा कि अगर नुकसान की एक भी फोटो है तो हमें भी उसे जरूर दिखाएं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश में कांच का एक टुकड़ा भी नहीं टूटा। यह जानकारी एनएसए ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में आयोजित किए गए 62 वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए दी।

### आईआईटी मद्रास के शुक्रवार को आयोजित किए गए 62 वें दीक्षांत समारोह में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल



### आतंकियों ने ली 26 बेकसूर लोगों की जान

गौरतलब है कि पाकिस्तान के इशारे पर भारत में आतंक का खूनी खेल खेलने वाले लश्करे-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने 22 अप्रैल 2025 को किए गए पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकियों ने बड़ी ही बेरहमी से धर्म पूछकर पहलगाम घूमने गए 26 लोगों की हत्या कर दी। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक था। हमने इस हमले के जवाब में ही 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के कुल 9 अड्डों को ध्वस्त कर दिया। जिसमें 100 से अधिक आतंकी छिपे बैठे थे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यह साफ कर चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। ये अस्थायी विराम पर है। भविष्य में सीमा पार से भारत के खिलाफ किए जाने वाले किसी भी हमले को युद्ध की तरह माना जाएगा और उसके खिलाफ उसी तरह से कार्रवाई की जाएगी।

### ब्रह्मोस ने निभाई अहम भूमिका

समारोह में डोभाल ने छात्रों को बताया कि तकनीक और युद्ध-कौशल के बीच संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करनी चाहिए। उन्होंने पुनः दोहराते हुए कहा कि मुझे ऑपरेशन सिंदूर पर वास्तव में गर्व है। इसमें ज्यादातर स्वदेशी सामग्री का ही प्रयोग किया गया था। हमारे कुछ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विदेशी मीडिया की मनमानी

*डोभाल ने कहा कि विदेशी मीडिया ने जो चाहा वो लिखा। लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। जिससे यह साफ हो गया कि 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस जैसे सरगोधा, रहीम यार खान और नूर खान की स्थिति कैसी है? हकीकत में क्या हुआ? समारोह में डोभाल ने कहा कि भारत तकनीक की लड़ाई को हारना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। जिससे हम दशकों पीछे चले जाएंगे।*

### अभियान की सफलता सराही

*एनएसए के पूर्व में समारोह को संबोधित करने वाली पद्म विभूषण से सम्मानित पद्मा सुब्रमण्यम ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को लेकर बधाई दी। छात्रों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ एनएसए का अभिनंदन किया। पद्मा ने सैन्य कार्रवाई को भगवत गीता में वर्णित साहस से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि देश पर गर्व करने वाले एक भारतीय के रूप में मैं अपनी ओर से जवानों का अभिनंदन करती हूं। जो हमारे राष्ट्रीय रक्षक हैं। एनएसए की इस अभियान में भूमिका की भी उन्होंने सराहना की। ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका की प्रशंसा की। इस मामले में चीन को 12 साल से अधिक समय लगा और उसने 300 बिलियन डॉलर की धनराशि खर्च की। डेटा और सुरक्षा से जुड़ा एक छोटा सा पेंच विश्वसनीय स्रोत से आने चाहिए। ये या तो भारत में बने हुए होने चाहिए या फिर किसी ऐसे से लिए हुए होने चाहिए जो हमारे बेहद करीब है।*

### 3,227 छात्रों को मिली स्नातक की डिग्री

*दीक्षांत समारोह में एनएसए ने आईआईटी मद्रास के कुल 3 हजार 227 छात्रों को स्नातक की डिग्री प्रदान की। 3 हजार 661 छात्रों को ड्यूल डिग्री और 529 पीएचडी प्रदान की गई। पीएचडी में सामान्य पीएचडी, विदेशी संस्थानों से जाइंट डिग्री पीएचडी और ड्यूल डिग्री पीएचडी मुख्य रूप से शामिल है।*

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर पूर्व मुख्य न्यायाधीशों की चेतावनी - चुनाव आयोग को असीमित शक्तियां देना खतरनाक





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और जे.एस. खेहर ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' (वन नेशन, वन इलेक्शन) विधेयक की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को चेतावनी दी है कि चुनाव आयोग को असीमित शक्तियां प्रदान करना संवैधानिक संतुलन को बिगाड़ सकता है। शुक्रवार को संसदीय परिसर में आयोजित जेपीसी की आठवीं बैठक में दोनों पूर्व न्यायाधीशों ने इस विधेयक के संवैधानिक और कानूनी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैधता को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार करते हुए कुछ प्रावधानों पर गंभीर चिंता जताई और संसद से स्पष्ट कानूनी भाषा के साथ इनका समाधान करने का आग्रह किया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर ने जेपीसी के समक्ष कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार सैद्धांतिक रूप से संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन नहीं करता। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 82ए(1) का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि यह प्रावधान केवल लोकसभा के गठन की तारीख निर्धारित करता है और यह चुनावों की अवधि या संचालन में हस्तक्षेप नहीं करता। हालांकि, उन्होंने विधेयक के कुछ प्रावधानों को अस्पष्ट बताते हुए कहा कि इन्हें और स्पष्ट करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में अदालतों को इनके व्याख्या का बोझ न उठाना पड़े।

### संविधान में अनिवार्य प्रावधान नहीं

*पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने भी इस बात पर जोर दिया कि संविधान में राष्ट्रीय और राज्य विधानसभा चुनावों को अलग-अलग आयोजित करने का कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है। उन्होंने प्रस्तावित अनुच्छेद 82ए(3) के तहत चुनाव आयोग को दी जा रही व्यापक शक्तियों पर गंभीर आपत्ति जताई, जिसमें आयोग को संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव करने की अनुमति दी गई है। चंद्रचूड़ ने चेतावनी दी कि ऐसी शक्तियां बिना स्पष्ट दिशानिर्देशों के खतरनाक हो सकती हैं और इससे संस्थागत संतुलन बिगड़ सकता है। छोटी अवधि की सरकारों की प्रभावशीलता पर चिंता दोनों पूर्व न्यायाधीशों ने विधेयक के उस प्रावधान पर भी चर्चा की, जिसमें मध्यावधि चुनाव के बाद चुनी गई सरकार का कार्यकाल केवल शेष पांच साल की अवधि तक सीमित होगा।*

### छोटे और क्षेत्रीय दलों को हो सकता है नुकसान

*चंद्रचूड़ ने यह भी चेतावनी दी कि एक साथ चुनाव होने से छोटे और क्षेत्रीय दलों को नुकसान हो सकता है, क्योंकि राष्ट्रीय दल, जो अधिक वित्तीय संसाधनों से लैस हैं, उन पर हावी हो सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनावी प्रचार और विशेष रूप से अभियान वित्तपोषण से संबंधित नियमों को और सख्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की खर्च सीमा तय है, लेकिन राजनीतिक दलों के खर्च पर कोई सीमा नहीं है। जेपीसी की इस बैठक में सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों के कई प्रमुख सदस्य शामिल थे, जिनमें सुप्रिया सुले (एनसीपी), मुकुल वास्निक, रणदीप सुरजेवाला, प्रियंका गांधी वाड्रा (कांग्रेस), अनिल देसाई (शिवसेना यूबीटी), और कल्याण बनर्जी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

# भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने वाली शादी का एक वर्ष अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का अटूट बंधन

राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की शादी को एक वर्ष बीत चुका है, जिसने न केवल देश को बल्कि पूरी दुनिया को सम्मोहित कर लिया था। 2024 में संपन्न हुआ यह विवाह समारोह एक साधारण सामाजिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की सबसे व्यापक रूप से देखी गई सांस्कृतिक घटना बन गई - एक ऐसा आयोजन जिसने भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित कर दिया। करोड़ों लोगों ने मुख्यधारा और सोशल मीडिया के माध्यम से इन सुंदर और भावनात्मक रस्मों को देखा और सराहा।


















### भारत की वैश्विक छवि को नया आयाम

एक ऐसे समय में जब भारत आर्थिक, तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है, यह विधिवत आयोजित एवं आध्यात्मिकता से भरपूर विवाह समारोह भारत को "दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी" के रूप में प्रस्तुत करने में सहायक सिद्ध हुआ। इस विवाह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों की सूची भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील और वैश्विक मामलों में उसकी केंद्रीय भूमिका को दर्शाती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अंबानी परिवार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आए वैश्विक गणमान्य व्यक्तियों की भव्य मेजबानी यह सिद्ध करती है कि वे भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### हिंदू विवाह की पवित्रता का महत्व

हिंदू परंपरा में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि एक पवित्र और आजीवन प्रतिबद्धता माना जाता है। यह दो आत्माओं, उनके परिवारों और समुदायों के बीच एक दिव्य एकता का प्रतीक है, जो विविध रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ संपन्न होती है। विवाह का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सुख नहीं, बल्कि धार्मिक कर्तव्यों (धर्म) की पूर्ति और सामाजिक व्यवस्था में योगदान भी है। जहां आधुनिक समय की व्यावहारिकताएँ अधिकांश विवाहों को सभी पारंपरिक रस्मों का पालन करने से रोकती हैं, वहीं युवा अंबानी दंपत्ति ने हर भारतीय परंपरा और रिवाज को पूरी श्रद्धा और समर्पण से निभाया। यह उनकी इन प्रथाओं के प्रति गहरी आस्था और अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बुजुर्गों और आध्यात्मिक गुरुओं के आशीर्वाद से करने की प्रबल इच्छा का प्रमाण था। राधिका-अनंत विवाह ने यह संदेश वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली रूप से पहुँचाया, जिसे देखने और अनुभव करने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय हस्तियाँ मौजूद थीं।

### मानवता और परंपरा का पालन

''मानव सेवा ही माधव सेवा'' - मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है - की सच्ची भावना के साथ, अंबानी परिवार ने नवी मुंबई के रिलायंस कॉर्पोरेट पार्क में 50 वंचित जोड़ों के सामूहिक विवाह के साथ अपने विवाह समारोह की शुरुआत की। इस समारोह में 800 से ज़्यादा मेहमान शामिल हुए, और अंबानी परिवार के सभी सदस्य नवविवाहितों को आशीर्वाद और उपहार देने के लिए मौजूद रहे। इसके अलावा, अंबानी परिवार ने यह भी सुनिश्चित किया कि विवाह समारोह के साथ-साथ तीन हफ़्तों तक कोई भी बिना भोजन के न रहे। मानवता की सेवा के इसी सिद्धांत को साकार करते हुए, एक सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रतिदिन 1,000 से ज़्यादा दोपहर और रात के भोजन के लिए भंडारा आयोजित किया गया।

### "अन ओड टू बनारस" और पारंपरिक भारतीय पोशाकों की भव्यता

शादी के दिन की सजावट का विषय "An Ode to Banaras" था, जिसने वैश्विक मेहमानों को बनारस की घाटों की एक आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाया। यह थीम उस सनातन नगरी की परंपराओं, आस्था, संस्कृति, कला, शिल्प और भोजन के प्रति श्रद्धांजलि थी। इस अनुभव ने बनारस की गलियों को जीवंत रूप में विवाह स्थल - जियो वर्ल्ड सेंटर - के कांकौरस में पुनः सजीव किया, जहाँ अतिथियों ने वहां की संस्कृति, स्वाद और अध्यात्म का अनुभव किया।

# अय्याशी के राज मिटाने के लिये छिनवाया पति का मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



फतेहपुर बेरी इलाके में एक महिला ने प्रेमी के साथ अंतरंग तस्वीरें मिटाने के लिए अपने पति का मोबाइल फोन ही छिनवा दिया। पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को आरोपी तक पहुंचने के लिये 10 किलोमीटर के क्षेत्र में लगे 70 कैमरों के फुटेज खंगालने पड़े। पुलिस के अनुसर आरोपियों ने छिपने के लिए पुरानी दिल्ली इलाके के एक होटल में कमरा किराए पर लिया हुआ था। अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी किराए पर ली गई थी।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये

■ पत्नी समेत दो गिरफ्तार

आरोपी का नाम अंकित गहलोत है। 19 जून को फतेहपुर बेरी थाने में ओल्ड यू.के. पेंट फैक्ट्री, मेन मार्केट रोड, सुल्तानपुर के पास मोबाइल फोन छीनने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पीड़ित ने बताया कि जब वह घर जा रहा था, तो स्कूटी पर सवार दो नकाबपोश व्यक्तियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और भाग गए। जांच के दौरान वसंत कुंज में एएनपीआर कैमरा विश्लेषण से स्कूटी का पंजीकरण नंबर पता चला। स्कूटी उसी दिन दरियागंज से एक दिन के लिए किराए पर ली गई थी। आधार और किराए पर लिए गए मोबाइल की जानकारी का उपयोग करके आरोपियों का पता बालोतरा, बाड़मेर, राजस्थान में लगाया गया। एक टीम राजस्थान भेजी गई और अंकित गहलोत को पकड़ लिया गया। उसके पास से छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया। उससे पूछताछ में महिला साजिशकर्ता यानि पीड़ित की पत्नी की पहचान हुई, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान अंकित गहलोत ने खुलासा किया कि पीड़ित की पत्नी का एक पुरुष के साथ अवैध संबंध था और उनकी अंतरंग तस्वीरें उसके पति के मोबाइल फोन में कैद थी। तस्वीरों को प्राप्त करने और मिटाने के लिए उसने झपटमारी की योजना बनाई थी। उसने आरोपी को अपने पति के दैनिक कार्यों और रूट की जानकारी दी थी जिसके बाद एक योजनाबद्ध तरीके से झपटमारी की गई थी।

## एक शख्स की मौत

# बाड़ा हिंदूराव इलाके में तीन मंजिला मकान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाड़ा हिंदूराव इलाके में शुक्रवार तड़के तीन मंजिला मकान गिरने से 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज शर्मा के रूप में हुई। शव मोर्चरी भिजवाया गया है। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य किया गया।

दमकल सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने जानकारी दी कि मकान गिरने की सूचना देर रात 1:56 बजे मिली थी। तीन गाड़ियों को मिठाई पुल, लोहिया चौक मौके पर भेजा गया था। मकान में कई दुकानें भी बनी थी। सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर एसटीओ का मैसेज आया। उसने बताया कि मकान ग्राउंड फ्लोर प्लस दो मंजिल ऊपर बनी हुई थी। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान एक शख्स को मलबे से बाहर निकालकर बाड़ा हिंदूराव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान मनोज शर्मा के रूप में हुई।

## मिठाई पुल इलाके में देर रात गिरी खतरनाक इमारत को डीएमआरसी ने पहले ही करा लिया था खाली

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली अंतर्गत सदर बाजार के मिठाई पुल इलाके में गुरुवार - शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे भरभराकर गिरी इमारत जिनमें दुकानें व कार्यालय शामिल है। हादसा स्थल दिल्ली मेट्रो के जनकपुरी पश्चिम - आर.के. आश्रम मार्ग कॉरिडोर के लिए चल रहे सुरंग निर्माण कार्य के अंतर्गत क्षेत्र में आता है। इस हादसे में इस हादसे पर डीएमआरसी ने बताया कि इस क्षेत्र में मेट्रो के लिए सुरंग निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही इस इमारत को असुरक्षित घोषित कर दिया गया था और डीएमआरसी ने इन्हें खाली करा लिया था। डीएमआरसी ने कहा कि यहां यह बताना जरूरी है कि डीएमआरसी ने 12 जून 2025 को भवन स्वामियों को इमारतों को खाली कराने का अनुरोध करते हुए पत्र जारी किए थे। यह स्पष्ट रूप से बताया गया था कि ये इमारतें बेहद जर्जर स्थिति में हैं और इसलिए एहतियात के तौर पर इन्हें खाली कराना जरूरी है। तदनुसार, बाद में इन इमारतों को खाली करा लिया गया था। डीएमआरसी के अनुसार इसके अतिरिक्त, पुरानी संरचनाओं को स्थिर करने और सुरंग निर्माण के कारण होने वाले किसी भी जोखिम को कम करने के लिए साइट पर आवश्यक सबसॉइल ग्राउटिंग और बाहरी सहारे प्रदान किए गए। रात को जैसे ही हादसे की जानकारी मिली डीएमआरसी ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर मलबा हटाने का काम तुरंत शुरू कर दिया गया। सुरक्षा के लिहाज से इलाके में उचित बैरिकेडिंग भी कर दी गई। डीएमआरसी ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि हालांकि, दुर्भाग्य से, इस अभियान के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। डीएमआरसी ने मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। सुरंग निर्माण कार्य मेसर्स एफकॉन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। डीएमआरसी ने इस घटना की गहन जांच करने का भरोसा दिया है। डीएमआरसी का कहना है सुरक्षा को प्रमुखता से रखते हुए हमेशा सुरंग निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भवनो का सर्वेक्षण और स्थिति का मानचित्रण किया जाता है। संपत्ति के मालिकोंख, निवासियों द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित मौजूदा स्थिति और क्षति दरार आदि की रिपोर्ट ली जाती है जिसकी आपसी सहमति से फोटोग्राफिक और वीडियो साक्ष्य लिए जाते है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक**, **पुत्र:** श्री दया राम, **पता:** मकान नं. एम–87, जेजे कॉलोनी, शकूर पुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 352/2020 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना: सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 352/2020 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना: सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी)
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9060/NW/2025
(Court Matter)



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | टर्नकी आधार पर 66 केवी जीआईएस सब स्टेशन धारूहेड़ा, रेवाड़ी का निर्माण (एचएसआईआईडीसी का डिपॉजिट कार्य)। | 10.07.2025 04.08.2025 | ईएमडी 60.91 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36518/1/88/7 दि. 11.07.25



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु विषय ज्ञान परीक्षा के लिए क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि 13.07.2025 को (प्रातःकालीन और सायंकालीन सत्र) आयोजित की जानी निर्धारित विषय ज्ञान परीक्षा में केवल नॉन प्रोग्रामेबल साइंटिफिक कैलकुलेटर की अनुमति दी गई है।

दिनांक : 11.07.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 62/2024 | 20.07.2025 पूर्वा. 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 2. | इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 53/2024 | 20.07.2025 अप. 2:00 बजे से अप. 5:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 14.07.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 11.07.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद–1156/13/335/2026/36522/88/7 दि. 11.07.25


**खबर संक्षेप**

### कारोबारी रंजिश में ट्रैवल एजेंट पर हमला

**नई दिल्ली।** रोहिणी में कारोबारी रंजिश को लेकर 35 वर्षीय ट्रैवल एजेंट पर चार लोगों द्वारा कथित तौर पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार रात करीब 12.30 बजे हुई जब पीड़ित प्रदीप कुमार रोहिणी के सेक्टर 16 स्थित अपने कार्यालय में था। पुलिस के अनुसार रात करीब 12.54 बजे एक पीसीआर कॉल आई जिसमें आरोप लगाया गया कि तीन से चार लोग कार्यालय में घुस आए और वहां मौजूद शख्स को लाठियों से पीटा। के. एन. काटजू मार्ग थाने की टीम मौके पर पहुंची और बाद में बीएसए अस्पताल गई। वहां पर घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा था। हरियाणा निवासी पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सेक्टर 16 स्थित एक अन्य 'ट्रैवल ग्रुप' के साथ यात्री सेवाओं को लेकर उसकी व्यावसायिक रंजिश थी। प्रदीप ने आरोप लगाया कि सोनू झाकर ने नवीन (झाकर के चचेरे भाई) और दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उस पर हमला किया। आरोपियों ने भागने से पहले कथित तौर पर कार्यालय की मेज पर रखे दो मोबाइल फोन भी उठाकर अपने पास रख लिए। शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई है। जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### सड़क दुर्घटना में सब इंस्पेक्टर की मौत

**नई दिल्ली।** एनएच-9 पर दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ पूर्वी जिले के डीसीपी ऑफिस कट के पास शुक्रवार को पांडव नगर थाने के एसआई यशपाल गश्त के दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। घायल अवस्था में उन्हें मैक्स अस्पताल, वैशाली ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये आरोपी टैक्सी चालक को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार कल्याणपुरी थाने के आईओ एसआई भानु की मदद से मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एलबीएस अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है। जांच के दौरान आरोपी टैक्सी चालक विष्णु यादव (37) पुत्र राम ताल यादव निवासी भीम सिंह कॉलोनी, अली विहार सरिता विहार को अरेस्ट किया गया है। टैक्सी भी जब्त कर ली गई है। कल्याणपुरी पुलिस केस में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## अलीपुर में नकली कीटनाशक उत्पादन के आरोप में चार धरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर में एक गोदाम मालिक सहित चार लोगों को अवैध रूप से कीटनाशकों का उत्पादन और भंडारण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपये का कीटनाशक जब्त किया गया है। पकड़े गये लोगों के नाम गोदाम मालिक प्रवीण, मनोज कुमार यादव (45), राहुल कुमार यादव (22) और शती नारायण यादव (24) बताये गये हैं। अन्य वहां बतौर मजदूर काम करते थे। इनके गोदाम से 3.2 टन प्रतिबंधित कृषि रसायन बरामद किया गया है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने नौ जुलाई को अलीपुर में शिवम धर्म कांटा के पास खसरा संख्या 713 स्थित एक गोदाम पर छापा मारा। यह कार्रवाई दिल्ली सरकार के कृषि विभाग के कीटनाशक निरीक्षक के साथ समन्वय में की गई। परिसर की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने पाया कि बड़ी मात्रा में बिना लाइसेंस वाले और संभावित रूप से हानिकारक कीटनाशकों का वहां अवैध रूप से भंडारण किया गया है और उसे दोबारा पैकिंग की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि कुल 3.2 टन कीटनाशक जब्त किया गया, जिनका इस्तेमाल चालू खरीफ के मौसम में किसानों द्वारा किया जा सकता था। सामग्री कानूनी नियमों का उल्लंघन करते हुए पैक और लेबल पाई गई। बरामदगी के आधार पर अलीपुर थाने में कीटनाशक अधिनियम की धारा 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान प्रवीण ने खुलासा किया कि वह पिछले दो वर्षों से बिना लाइसेंस के अवैध कीटनाशक का कारोबार कर रहा था और इन उत्पादों को स्थानीय बाजार में बेच रहा था। जब्त माल पर 'खतरनाक' और 'जहरीला' लेबल लगा हुआ था तथा अधिकांश सामग्री वैध आपूर्ति जैसे दिखने वाले ब्रांडेड बैग में पैक की गयी थी। नकली कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला और वितरण नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## 17 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत



**नई दिल्ली।** न्यू फ्रेंड्स कालोनी थानाक्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर की वाटर फाउंटेन तालाब में डूबने से मौत हो गई। पीसीआर कॉल प्राप्त होने के बाद पुलिस स्टाफ अशोका पार्क, एनएफसी पहुंचा। डूबे हुए लड़के को गोताखोरों की मदद से निकालकर तुरंत निकटतम होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक किशोर का नाम सलमान पुत्र ताहिर निवासी गांव कस्तबड्डा, तहसील मवाना, मेरठ, उत्तर प्रदेश पता चला है। शव का पोस्टमॉर्टम एम्स अस्पताल में करवाया गया है और धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है। जांच के दौरान पता चला कि सलमान मेरठ से अपने पिता के घर आया था, जो मजदूर हैं और खिजराबाद में किराए के मकान में रहते हैं। किशोर अशोका पार्क स्थित वाटर फाउंटेन तालाब में तैरने के लिए गया था। तालाब चारों ओर से लोहे की रेलिंग से सुरक्षित पाया गया है। घटना बुधवार की बताई गई है। आगे की जांच जारी है।

## आपसी रंजिश में नाबालिग को गोली मारने वाला पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आजादपुर इलाके में आपसी रंजिश में एक नाबालिग लड़के को गोली मारने के आरोप में 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान तनिश उर्फ लाला के रूप में हुई है। इसे मजलिस पार्क इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस हमले में आर्यन (17) को गोली लगी थी। पुलिस के अनुसार सात जुलाई को रात करीब सवा 10 बजे सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर से सूचना मिली कि गोली लगने से घायल युवक आर्यन को भर्ती कराया गया है। घायल की मां नीतू ने पुलिस को बताया कि आर्यन आजादपुर में एमसीडी कॉलोनी के सामने फुटओवर ब्रिज के पास खड़ा था। तभी तीन-चार लड़के आए और मां के सामने ही बेटे पर गोलियां चला दी। आर्यन को दो गोलियां लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में आदर्श नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नौ-10 जुलाई की दरमियानी रात को मजलिस पार्क के पास जाल बिछाया। थोड़ी देर पीछा करने के बाद रोड नंबर-51 पर एक काले-नीले रंग के स्कूटर को रोका गया। सवार की पहचान तनिश के रूप में हुई, जिसके पास एक पिस्तौल और एक गोली मिली। पूछताछ के दौरान तनिश ने आपसी रंजिश को लेकर अपने तीन साथियों के साथ आर्यन पर गोलियां चलाने की बात कबूल की। उसने बताया कि हमला पूर्व-नियोजित था। बाकी आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस के मुताबिक तनिश स्कूल छोड़ चुका था और उसके खिलाफ 2024 में भी गोली चलाने का एक मामला जहांगीरपुरी थाने में दर्ज हुआ था।

## फर्जी आधार कार्ड मामले पर एलजी सक्सेना ने मुख्य सचिव को दिए कई दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को 15 जुलाई तक दिल्ली के सभी आधार नामांकन केंद्रों से विस्तृत सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उपराज्यपाल सचिवालय की तरफ से कहा गया कि वर्तमान समय में दिल्ली में आधार विनियम 2016 के तहत रजिस्ट्रार को सौंपी गई जिम्मेदारियों पर नए सिरे से विचार किया जाना चाहिए। खासकर क्षेत्र स्तरीय कार्यान्वयन, निगरानी और सत्यापन की प्रक्रिया में इसकी जरूरत बढ़ गई है। राजनिवास सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार एलजी ने इसके अलावा रजिस्ट्रार, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को आधार नामांकन के लिए अधिकृत संस्थाओं को भी दो महीने के अंदर नामांकन के आंतरिक मॉडल को अपनाने के निर्देश दिए हैं। एलजी ने मुख्य सचिव को भेजे पत्र में लिखा कि इस नए मॉडल के तहत आधार कार्ड बनवाने और उसमें अपडेट कराने के लिए अब तीसरा पक्ष नहीं बल्कि रजिस्ट्रार देखरेख करेंगे। मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए कि वे संभागीय कमिश्नर की देखरेख में हर महीने ऑडिट कराएं। सचिवालय के अनुसार एलजी की तरफ से भेजे गए पत्र में लिखा गया कि अवैध अप्रवासी लोग



झूठे दस्तावेजों या गलत बयानी के जरिए आधार कार्ड हासिल करते हैं। आधार कार्ड की अवैध प्राप्ति से व्यक्तियों को अपनी राष्ट्रीयता साबित करने वाले दस्तावेज बनवाने में मदद मिलती है। इसके अलावा वे राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का भी। आधार कार्ड की अवैध प्राप्ति से व्यक्तियों को अपनी राष्ट्रीयता साबित करने वाले दस्तावेज बनवाने में मदद मिलती है। इसके अलावा वे राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ उठाते हैं। आधार कार्ड हासिल करने के बाद दिल्ली में अवैध तरीके से रह रहे लोग नौकरियां पा लेते हैं और इसके कारण स्थानीय श्रम बाजारों में मंदी आ जाती है। इससे दिल्ली के और भारतीय लोगों पर इसका असर पड़ता है।

## टाइटलर का जेल जाना तय 1984 दंगे के प्रमुख गवाह ने दर्ज कराया बयानः कालका

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश टाइटलर की मुसीबतें बढ़ने वाली है। क्योंकि वर्ष 1984 में हुए सिख दंगों के आरोपी टाइटलर के खिलाफ एक प्रमुख गवाह द्वारा बयान दर्ज कराया गया है। इस बारे में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने कहा कि पुल बंगश मामले में प्रमुख गवाह हरपाल कौर ने शुक्रवार को संबंधित थाने में कांग्रेसी नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ बतौर मुख्य गवाह अपने बयान दर्ज कराए है। उन्होंने कहा कि टाइटलर का जेल जाना तय हो गया है। सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता टाइटलर के खिलाफ दर्ज केस में कमेटी की एक बड़ी सफलता है। पुल बंगश मामले में, जिसमें तीन सिखों की हत्या कर दी गई थी, उस केस में एक अहम गवाह हरपाल कौर ने आज अदालत में अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि उस समय पुल बंगश इलाके में बादल सिंह, ठाकुर सिंह और गुरचरण सिंह की हत्या कर दी गई थी, उस भीड़ को जगदीश टाइटलर ने भड़काया था। उन्होंने बताया कि आज भी कांग्रेस नेता टाइटलर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दो दिन पहले उसने हरपाल कौर को धमकी दी थी, जिसकी शिकायत हमने तुरंत थाने में दर्ज कराई और आज अदालत के समक्ष भी इसका जिक्र किया। जिस पर जज ने कहा कि इस पर आप अलग से अर्जी दाखिल करें और एफआईआर दर्ज कराएं, यह मामला अलग से चलेगा।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 23 जुलाई 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962004908 | शकुंतला ना |
| 085962005723 | मधु ना |
| 085962006173 | राजिन्दर ना |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362003251 | प्रहलाद सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट | |
| 049862004286 | प्रवीन कुमार |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562000816 | सतीश कुमार |
| शाखा का नाम : बरवाला – मेन मार्केट | |
| 396762000801 | करूणा करूणा |
| शाखा का नाम : बावल | |
| 349862000600 | रोहित कुमार जांगिड़ |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362002569 | शालू शालू |
| 359362003199 | रान्नी गोयल |
| 359362003201 | विक्रम विक्रम |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003714 | जय प्रकाश |
| शाखा का नाम : बिलासपुर – सरस्वती मार्केट | |
| 383362001641 | हरमनप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086062006621 | गुरजंट सिंह |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962002157 | संजय ना |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी | |
| 102562004868 | विभीषण कुमार |
| 102562006812 | चंदन शर्मा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-35 | |
| 085762002944 | प्रियंका पाठक |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद- सेक्टर-21सी | |
| 630362014350 | तुषार चपराना |
| शाखा का नाम : गुड़गांव युनिवर्सिटी | |
| 732962000159 | प्रसेनजित आचार्य |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर-10ए | |
| 114662003062 | धीरज कुमार सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – सेक्टर-5 | |
| 776362000092 | नीतू नीतू |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462004660 | रोहित रोहित |
| 184462004784 | पवन पवन |
| शाखा का नाम : हिसार – अर्बन एस्टेट | |
| 661662601392 | राजकुमार नागर |
| शाखा का नाम : इस्माईलाबाद – हरियाणा | |
| 358862001408 | गुरध्यान सिंह |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562000472 | हरदीप सिंह |
| 356562001606 | परमजीत कौर |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262003513 | तेजबीर सिंह |
| शाखा का नाम : कलानौर, हरियाणा | |
| 775162000369 | स्वीटी |
| 775162000013 | संजय संजय |
| 775162000415 | शिव शर्मा |
| शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा | |
| 359862001470 | तरसेम सिंह |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378862001668 | सोनु सिंह |
| शाखा का नाम : करनाल | |
| 017362006754 | पलविन्दर सिंह विर्क |
| शाखा का नाम : करनाल-सेक्टर-7 | |
| 370362000816 | पूनम शर्मा |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000125 | मोहित |
| 451562000023 | बिजेन्द्र बिजेन्द्र |
| 451562000183 | हर्ष कुमार |
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359162003008 | सुखबीर सुखबीर |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862007046 | बबलप्रीत कौर |
| शाखा का नाम : नारायणगढ़ | |
| 093162004406 | ओमप्रकाश |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062003254 | सुरेन्द्र सिंह |
| 159062003744 | संदीप कुमार |
| शाखा का नाम : पंचकूला – सेक्टर-5 | |
| 341162000370 | सन्नी चत्रा |
| 341162000391 | सन्नी चत्रा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : पंचकूला – अर्बन एस्टेट | |
| 093562001662 | निखिल शर्मा |
| शाखा का नाम : पानीपत – सैक्टर-13 | |
| 372662000958 | मोहम्मद आदिल |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397662000887 | संदीप कुमार |
| शाखा का नाम : रानियां, हरियाणा | |
| 359762001017 | रमनदीप कौर |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी | |
| 662062600700 | मोनिका मोनिका |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी-सनसिटी | |
| 733762000212 | कल्पना शर्मा |
| शाखा का नाम : रोहतक – मॉडल टाउन | |
| 252262000414 | दिनेश ढाका |
| शाखा का नाम : रोहतक – हिसार रोड | |
| 662162601344 | देवेन्द्र देवेन्द्र |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762001863 | रामनिवास रामनिवास |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003213 | संदीप संदीप |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004206 | शिवानी शर्मा |
| 073162004204 | शिवानी शर्मा |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262004028 | रोहित कुमार |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862004038 | दीपक कुमार |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419005000796 | दीपक कटारिया |
| शाखा का नाम : उकलाना मण्डी, हरियाणा | |
| 360462001233 | लक्ष्मण सिंह |
| शाखा का नाम : आर्शह-पकरी बाजार | |
| 478362000084 | धनंजय कुमार सिंह |
| शाखा का नाम : भिवाड़ी | |
| 050962003809 | रामपाल रामपाल |
| शाखा का नाम : रामपुर – अयोध्यानाथमंदिर | |
| 162662003526 | विकेश कुमार नेगी |

दिनांक : 12.07.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, पलवल, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, फतेहाबाद, पंचकूला

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### दुकानों का छह माह का किराया भी किया माफ

# सीएम रेखा गुप्ता ने आईएनए के 24 दुकानदारों को बांटे 5-5 लाख के चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली हाट, आईएनए में लगी आग के प्रभावित 24 शिल्पकारों को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राहत राशि के चेक वितरित किए। उल्लेखनीय है कि गत 30 अप्रैल 2025 की देर शाम दिल्ली हाट, आईएनए में आग लग गई थी। इस आग में 24 शिल्पकारों के स्टॉल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए थे। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा प्रत्येक प्रभावित शिल्पकार को 5 लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा की गयी थी। मुख्यमंत्री ने 24 प्रभावित को कुल 1 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि प्रदान की। ये प्रभावित कारीगर हस्तशिल्प, ज्वेलरी, कार्पेट, नक्काशी, टेक्सटाइल और अन्य व्यवसायों से जुड़े हुए थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता के आशीर्वाद से चुनकर आई नई सरकार पीड़ितों के साथ है। आग से प्रभावित सभी शिल्पकारों को 5-5 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए हैं और 6 महीने का दुकान का किराया माफ किया गया है। अब न्याय देने की प्रक्रिया कहीं भी नहीं रुकेगी और जिसका जो हक है, वो समय से मिलेगा। वहीं आग की घटना में जिन 24 कारीगरों के स्टॉल नष्ट हुए हैं, उन्हें 1 जुलाई, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक की अवधि के लिए दिल्ली हाट आईएनए में छह महीने के लिए निःशुल्क स्टॉल आवंटित कर दिए गए हैं।

#### कला और शिल्प हमारी सांस्कृतिक विरासत की है आत्मा : कपिल मिश्रा

चेक वितरण कार्यक्रम में उपस्थित पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हमारी सरकार शिल्पकारों के हितों की रक्षा और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सरकार उनके साथ खड़ी है और इस अनुग्रह राहत राशि के माध्यम से हम उन्हें दोबारा अपने पैरों पर खड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं। हमारी कला और शिल्प हमारी सांस्कृतिक विरासत की आत्मा है, इन्हें संरक्षित रखना और इनके संरक्षकों का साथ देना हमारी जिम्मेदारी है।

## हमारा सपना, विदेशी पर्यटक भारत आए तो दिल्ली देखे बिना वापस न जाए : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सीएम ने 'डीलाइट फॉर देल्ही' समिट में रखा दिल्ली को वैश्विक पर्यटन हब बनाने का विजन

हमारा सपना है कि जब भी कोई विदेशी पर्यटक भारत आए, तो वह दिल्ली देखे बिना वापस न जाए। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली पर्यटन विभाग और इन्वेस्ट इंडिया द्वारा आयोजित 'डीलाइट फॉर देल्ही' समिट को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में असीम संभावनाएं हैं और सरकार का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों में ठोस नीति और जन-सहभागिता से दिल्ली को देश की सबसे गतिशील सिटी बनाया जाए। इस समिट के आयोजन का उद्देश्य ड्राइविंग एक्सपीरियंसल लीडरशिप, इनोवेटिव ग्रोथ और हाई-इम्पैक्ट टूरिज्म (डिलाइट) के दृष्टिकोण के तहत दिल्ली को एक अग्रणी शहर के रूप में स्थापित करना है। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सहित देश की नामी निवेशक कंपनियों के प्रतिनिधि, नीति-निर्माता, पर्यटन विशेषज्ञ और उद्यमी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली भारत की राजधानी होने के साथ-साथ देश की आत्मा भी है। यह एक ऐसा शहर है जो समृद्ध संस्कृति, विविध विरासत और गौरवशाली इतिहास को अपने भीतर समेटे हुए है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज की दिल्ली आधुनिकता और परंपरा का एक अद्वितीय संगम बन चुकी है।

भारत मंडपम्, यशोभूमि, प्रधानमंत्री संग्रहालय और नेशनल वॉर मेमोरियल जैसे प्रतिष्ठित स्थल दिल्ली को वैश्विक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी भी देश के पर्यटन विकास को प्राथमिकता देते रहे हैं और हमारी सरकार भी सभी क्षेत्रों में समन्वित प्रयासों के साथ राजधानी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### खबर संक्षेप

#### अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं वेलनेस एक्सपो का विजेंद्र ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** जो व्यक्ति वास्तव में ईश्वर को देखना चाहता है, उसे सबसे पहले प्रकृति को अपनाना चाहिए। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को प्रगति मैदान में आठवें अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं वेलनेस एक्सपो 2025 एवं 15वीं आरोग्य संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद कहीं। नमो गंगे ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय आयोजन स्वास्थ्य, आयुष, योग, पोषण, फिटनेस, जैविक कृषि, जीवनशैली और समग्र स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञों, संस्थानों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है।

#### बेरोजगार बस मार्शलों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान बेरोजगार हुए बस मार्शलों ने नियमित रोजगार की मांग को लेकर शुक्रवार को दिल्ली सरकार के खिलाफ चंदगीराम अखाड़े पर करीब 6 घंटे तक भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद पूर्व मार्शल मुकेशपाल सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएम रेखा गुप्ता और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को रोजगार के संबंध में ज्ञापन पत्र सौंपा है। बेरोजगार बस मार्शलों का कहना है कि अगर सरकार ने एक हफ्ते के अंदर रोजगार को लेकर पूर्ण समाधान नहीं किया तो भाजपा के खिलाफ तथा दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान नरेंद्र कुमार राय, प्रेमजीत सिंह, भगवान दास, पूनम, आरती, भावना, रेखा सहित बड़ी संख्या में बेरोजगार बस मार्शल मौजूद रहे।

## बारिश में बह गए भाजपा सरकार के सारे दावेः अंकुश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सीएम, मंत्री और महापौर के किए गए वादे निकले खोखले

दिल्ली में कुछ देर की बारिश में भाजपा की दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के सारे दावे बह गए और पूरी दिल्ली पानी-पानी हो गई। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री और महापौर ने दिल्लीवालों से वादा किया था कि कहीं जलभराव नहीं होगा, सारे इंतजाम कर लिए गए हैं और दिल्ली वाले मानसून का आनंद लेंगे, लेकिन बारिश हुई तो उनके सारे दावे खोखले निकले। नेता विपक्ष नारंग ने आरोप लगाते हुए कहा कि जल भराव से लोग घंटों परेशान रहे, लेकिन मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक कोई सड़क पर दिखाई नहीं दिया। मंत्री प्रवेश वर्मा ने तो कहा था कि जलभराव होने पर अफसरों को सस्पेंड कर देंगे। भाजपा को बताना चाहिए कि अब जब जल भराव हो गया है तो कितनों को सस्पेंड किया गया है?

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने प्रेस वार्ता कर कहा कि मानसून शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि इस बार हमने सारे उपाय कर लिए हैं, दिल्ली की जनता को कोई दिक्कत नहीं होगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा था कि 400 से ज्यादा जलभराव वाले पॉइंट्स चिह्नित किए गए हैं और इनके लिए जिम्मेदार अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई है। अगर कहीं पानी भरेगा, तो अफसरों को तुरंत सस्पेंड कर देंगे। निगम महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा था कि दिल्लीवासी इस बार मानसून का आनंद लेंगे। स्थायी समिति की पहली बैठक में कहा गया कि दिल्ली सरकार की तरह एमसीडी भी नोडल अफसर लगाएगी, जो जलभराव रोकेगी और नालों की सफाई सुनिश्चित करेगी।

अंकुश नारंग ने पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर हुए जलभराव की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शालीमार बाग विधानसभा में जलभराव हुआ, धौला कुआं में बारिश रुकने के बाद भी जलभराव रहा। संगम विहार में भाजपा का विधायक है, वहां जलभराव हुआ। नजफगढ़, मुस्तफाबाद में सडक पर भरे पानी में बच्चा कश्ती चलाते हुए दिखा। नारायण गांव, शाहदरा, कश्मीरी गेट समेत पूरी दिल्ली में जगह-जगह जलभराव हुआ। सरिता विहार में भाजपा का बोर्ड लगा है, जिसमें लिखा है कि यह विकास कार्य उनके नेता द्वारा कराया गया, लेकिन वहां भी पानी भरा है।

## लगातार चौथे दिन दिल्ली में बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार चौथे दिन बारिश देखने को मिली। लेकिन शुक्रवार को कई हिस्सों में बारिश बरसी जबकि कई हिस्से सूखे ही रहे। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह के समय मौसम सुहावना बना हुआ था। बाद में आसमान एकदम साफ हो गया और बादल बिन बरसे ही आगे निकल गए। लेकिन एक बार फिर आसमान पर बादलों ने डेरा लगाया और दोपहर 12 बजे के करीब दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की मध्यम बारिश होने लगी। हालांकि थोड़ी देर बाद ही बारिश रूक गई लेकिन मौसम एक बार फिर राहत वाला बन गया। प्रादेशिक मौसम के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफदरजंग वेधशाला में 1 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि पूसा में सबसे ज्यादा 13.5 मिमी, पालम में 8.2 मिमी, लोधी रोड 0.4 मिमी, रिज एरिया में 2.6 मिमी, आया नगर में 1.1 मिमी, राजघाट में 3.4 मिमी, पूसा में 0.5 मिमी,मुंगेशपुर में 2.0 मिमी और मयूर विहार में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे में दिल्ली के सफदरजंग वेधशाला में 17.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी ने शनिवार से शुक्रवार के लिए ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए ग्रीन अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान पर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। मेघगर्जना के साथ बिजली चमकने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

#### दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग बनाएगा अपना इंजीनियरिंग कैडर : प्रवेश

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने दिल्ली के बुनियादी ढांचे की दिशा और दशा बदलने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपना स्वतंत्र इंजीनियरिंग कैडर बनाने का निर्णय लिया है। इससे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) पर दशकों से चली आ रही निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि अब तक पीडब्ल्यूडी में कार्यरत अधिकांश अभियंता, कार्यपालक अभियंता (ईई), अधीक्षण अभियंता (एसई) और कनिष्ठ अभियंता (जेई) सीपीडब्ल्यूडी या अन्य केंद्रीय एजेंसियों से प्रतिनियुक्ति पर आते थे। लेकिन स्वतंत्र इंजीनियरिंग कैडर के गठन के बाद, दिल्ली को अपना स्थायी, समर्पित और पूरी तरह से जवाबदेह तकनीकी स्टाफ मिलेगा,जो दिल्ली सरकार की अपनी सेवा शर्तों और निगरानी व्यवस्था के अंतर्गत चयनित, प्रशिक्षित और पदोन्नत होंगे। प्रवेश ने कहा कि यह सिर्फ पीडब्ल्यूडी के लिए नहीं, बल्कि पूरी दिल्ली के लिए एक टर्निंग पॉइंट है। जब अभियंता केवल दिल्ली के लोगों के प्रति जवाबदेह होंगे, तो उनकी कार्यशैली और प्रतिबद्धता अपने आप बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम एक मजबूत, स्वच्छ और तेज दिल्ली बना रहे हैं और इसके लिए हमें अपनी खुद की टीम चाहिए।

#### एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा और कुलजीत चहल ने 'सृजन' - एक ओपन-एयर आर्ट गैलरी का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को चाणक्यपुरी स्थित नेहरू पार्क में 'सृजन' - एक ओपन-एयर आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया। रामेश्वर बूटा, प्रख्यात कलाकार, पद्मश्री बिमान बिहारी दास (मूर्तिकार), पद्मश्री, जय प्रकाश लखीवाल (कलाकार) और एनडीएमसी के सलाहकार (कला एवं संस्कृति) हर्षवर्धन शर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे। इस मौके पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि यह पुनर्जीवित सांस्कृतिक स्थल, विकसित भारत 2047 की भावना को दर्शाता है - एक प्रगतिशील, समावेशी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भविष्य की दिशा में भारत का आकांक्षात्मक रोडमैप है। वहीं, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि सृजन आर्ट गैलरी का मिशन कला को खुले, सुलभ स्थानों में लाकर उस तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना है। कला के अनुभव को पारंपरिक संग्रहालयों और सभागारों से बाहर आगे ले जाना।

## एलजी ने रियल एस्टेट से जुड़ी दो प्रमुख योजनाओं को दी मंजूरी, समामेलन शुल्क 9 प्रतिशत घटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ नरेला में बिना बिके 10 फ्लैटों की थोक खरीद पर सरकारी संस्थानों को मिलेगी छूट

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की बैठक में उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने कई प्रस्तावों को हरी झंडी दी। इसमें प्रमुख रूप से दिल्ली की रियल एस्टेट संभावनाओं को उजागर करने और राष्ट्रीय राजधानी में व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय शामिल है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी ने व्यावसायिक संपत्तियों के लिए समामेलन शुल्क को सर्कल रेट के वर्तमान 10 प्रतिशत से घटाकर केवल 1 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे रियल एस्टेट डेवलपर्स को शहर में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक क्षेत्रों का विकास करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। यही कारण था कि व्यावसायिक विकास परियोजनाएं एनसीआर के पड़ोसी शहरों जैसे नोएडा और गुरुग्राम की ओर स्थानांतरित हो रही थीं, जहाँ स्वीकार्य समामेलन शुल्क दिल्ली की तुलना में बहुत कम थे। डीडीए के अनुसार जबकि दूसरे प्रमुख निर्णय में, प्राधिकरण ने व्यावसायिक संपत्तियों की नीलामी के लिए गुणन कारक को सर्किल रेट के वर्तमान दो गुणा से घटाकर सर्किल रेट का 1.5 गुना कर दिया है, यानी आधा प्रतिशत की कमी की है। इससे शहर में वाणिज्यिक विकास में रियल एस्टेट डेवलपर्स के निवेश और भागीदारी में भी वृद्धि होगी। दोनों निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापार सुगमता अभियान के अनुरूप हैं, जिससे निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। डीडीए ने बताया कि यह अहम निर्णय एलजी सक्सेना द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय संयुक्त सरकारी-उद्योग कार्यबल की सिफारिशों से निकले हैं। कमेटी ने पाया था कि वाणिज्यिक भूखंडों के संबंध में उच्च समामेलन शुल्क और सर्किल दरों में गुणन कारक के कारण भारी असमानता पैदा हुई और संपत्ति लेनदेन में बाधा उत्पन्न हुई।

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने की यमुना पुनर्जीवन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

# सभी राज्य मिलकर यमुना नदी को स्वच्छ बनाने के उपायों पर करें कार्य : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यमुना नदी में दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से भी अपशिष्ट के द्वारा केमिकल आ रहा है, इसलिए इन सभी राज्यों को साथ मिलकर नदी को स्वच्छ करने के उपायों पर कार्य करना चाहिए। यह निर्देश शुक्रवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यमुना पुनर्जीवन के लिए हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश, तीनों राज्यों को प्रयास करना चाहिए और उनके एसटीपी से निकल रहे जल की निरंतर और निष्पक्ष जांच हो। इसके लिए उन्होंने एसटीपी के आउटफ्लो की थर्ड पार्टी गुणवत्ता जांच पर बल दिया। बैठक में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव, दिल्ली के मुख्य सचिव सहित केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को जल प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए ऐक्शन मोड में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए। शाह ने नजफगढ़ और शाहदरा के मुख्य ड्रेनों में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) को सुधारने की कार्ययोजना पर कार्य करने पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के दो मुख्य ड्रेन, नजफगढ़ और शाहदरा ड्रेनों की ड्रोन सर्वे कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नदियों को स्वच्छ करने के लिए दिल्ली सरकार के द्वारा की जा रही कोशिशों के अलावा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का बजट बढ़ाने की आवश्यकता है। वहीं केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यमुना की सफाई के साथ-साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता वृद्धि पर विशेष बल दिया। उन्होंने 2028 तक एसटीपी क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने के निर्देश दिए।

### कृषि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

## जनकपुरी स्थित बागवानी भवन में वार्षिक गतिविधियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), उजवा, दिल्ली की 25वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के दिशानिर्देशानुसार विभिन्न हितधारकों के साथ शुक्रवार को जनकपुरी स्थित बागवानी भवन में राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. बिजेंद्र सिंह की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन एवं आगामी वार्षिक योजना बनाने के लिए आयोजित की जाती है। केवीके में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी.के.राणा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजबीर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजबीर सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, में संयुक्त निदेशक डॉ. रवीन्द्र नाथ पडारिया, पूसा संस्थान के सब्जी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बी.एस. तोमर, एवं वर्चुअल रुप से भा.कृ.अनु.प के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी.एल. जांगिड - कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन-2, जोधपुर, (राज.), नाबार्ड, दिल्ली एवं कृषि, पशुपालन एवं बागवानी विभाग, दिल्ली सरकार आदि उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### अनजान नंबरों से आए लिंक को लिंक न करें




**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा शहर वासियों को सचेत किया गया है कि नागरिक अनजान नंबरों के वाट्सएप द्वारा आने वाले पानी बिल और प्रॉपर्टी टैक्स बिल इत्यादि के लिंक को ना खोले और ना ही ऐसे नंबरों से आए लिंक के साथ लेन-देन ना करें क्योंकि नगर निगम की तरफ से भेजे जाने वाले प्रॉपर्टी टैक्स बिल, पानी बिल नोटिस इत्यादि नगर निगम द्वारा वेरीफाइड व्हाट्सएप नंबर से ही उपभोक्ता के पास पहुंचता है। लिए जारी व्हाट्सएप नंबर-9599780878 के जरिए ही सरकारी लिंक पहुंचेगा।

### हथियार मुहैया कराने वाला गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** सोहना क्राइम ब्रांच ने मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गन प्वाईंट पर लूट करने के मामले में हथियार मुहैया कराने वाले एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश करेगी। सोहना क्राइम ब्रांच के एसआई विनय की टीम को सूचना मिली कि मुंबई एक्सप्रेस-वे, गुरुग्राम पर कुछ युवक गन प्वाईंट पर आने-जाने वाले लोगों से लूटपाट की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश मारी और पांच युवकों को काबू कर लिया।

### रुपए निकालने का आरोपी गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर एरिया में एटीएम बूथ पर डेबिट कार्ड बदलकर रुपए निकालने के मामले में सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से एक हजार रुपए बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है। आईएमटी मानेसर थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह बीती 10 मार्च को गांव ढाना स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ से रुपए निकालने गया था। दो युवकों ने उसे बातों में उलझा लिया और डेबिट कार्ड बदल लिया।

# समाजसेवी संगठनों की पहल: नगर निगम फरीदाबाद आयुक्त से हुई बैठक में शहर की स्वच्छता और हरियाली पर हुआ मंथन

*बैठक में समाज के सक्रिय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विमल खंडेलवाल के नेतृत्व में एक सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कार्यालय में आयुक्त धीरेन्द्र सिंह से शिष्टाचार भेंट की। शहर की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं हरियाली के विषय पर आयोजित इस बैठक में समाज के सक्रिय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शहर के विकास के लिए कई सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में मानसून के दृष्टिगत नालों की सफाई, जलभराव की रोकथाम, सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण तथा स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के साथ तेज़ी से चलाने पर जोर दिया गया। विमल खंडेलवाल ने सुझाव दिया कि नगर निगम के प्रयासों में सामाजिक संस्थाओं को भी औपचारिक रूप से जोड़कर ज़मीनी बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल मधुसूदन माटोलिया, बांके बिहारी शर्मा, किशन सिंह राजपुरोहित सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आयुक्त धीरेन्द्र सिंह का पारंपरिक दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। यह स्वागत सम्मान न केवल सद्भाव का प्रतीक था, बल्कि समाज और प्रशासन के बीच समन्वय को भी दर्शाता है।

**खास बातें**

- शहर के विकास के लिए कई सुझाव प्रस्तुत किए
- बैठक में मानसून के दृष्टिगत नालों की सफाई, जलभराव की रोकथाम के लिए चर्चा हुई
- पौधरोपण तथा स्वच्छता अभियान पर जनभागीदारी पर जोर दिया

### निगम समाज के जागरुक नागरिकों के साथ मिलकर सदैव तत्पर



निगम आयुक्त धीरेन्द्र सिंह ने मारवाड़ी युवा मंच की पहल की सराहना करते हुए कहा कि निगम समाज के जागरुक नागरिकों के साथ मिलकर शहर को बेहतर बनाने के लिए सदैव तत्पर है। यदि किसी अधिकारी या विभाग द्वारा लापरवाही होती है, तो कृपया मुझे सीधे सूचित करें। मैं व्यक्तिगत रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करूंगा। बैठक के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने निगम के सहयोग और संवादशीलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा यह विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी शहर हित के अभियानों में पूरी ऊर्जा और समर्पण से जुड़े रहेंगे। यह बैठक शहर के भविष्य को लेकर एक सांझा संकल्प और सकारात्मक साझेदारी का प्रतीक रही।

## ताने देने वाले ग्रामीण भी पुलिस के रडार पर, हो सकती है गिरफ्तारी

# टेनिस खिलाड़ी राधिका की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पिता एक दिन के रिमांड पर

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

टेनिस खिलाड़ी राधिका की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को राधिका का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डॉक्टरों ने राधिका को चार गोली लगने की पुष्टि की है। इस केस में आरोपी पिता को ताने देने वाले ग्रामीण भी अब पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस उनको भी गिरफ्तार कर सकती है। यहीं नही जिस दिन राधिका का मर्डर हुआ, उस दिन उसकी मां मंजू यादव का बर्थडे था। लेकिन अभी तक मंजू यादव अपने पति के बचाव में है और उसने पुलिस के समक्ष कोई बयान नहीं दिया है।

नेशनल लेवल की टेनिस खिलाड़ी 25 वर्षीया राधिका यादव अपने परिवार सहित गुरुग्राम के सेक्टर 57 स्थित सुशांत लोक फेस टू एरिया में रह रही थी। राधिका यादव टेनिस अकेडमी भी चला रही थी। बताया जा रहा है कि अकेडमी चलाने से खफा राधिका के पिता दीपक यादव व उसके बीच वीरवार को बहस हुई। जिसके बाद तैश में आकर दीपक ने अपनी बेटी पर लाईसेंसी हथियार से गोलियां चलाकर हत्या कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर पड़ौसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया। मौके पर डीसीपी ईस्ट, सेक्टर-56 थाना प्रभारी, एफएसएल, सीन-ऑफ-क्राइम व फिंगरप्रिंट की पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल व मृतका के शव का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी 49 वर्षीय दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई लाइसेंसी रिवॉल्वर को बरामद कर केस दर्ज कर लिया।

*पोस्टमार्टम में चार गोली लगने की पुष्टि*

*मां का था बर्थडे, पति को बचाने पुलिस में नहीं दी शिकायत*

### आरोपी से रिवॉल्वर उसी समय बरामद कर लिया



राधिका के हत्या के मामले में गिरफ्तार दीपक यादव को शुक्रवार को गुरुग्राम पुलिस ने अदालत में पेश किया। पुलिस आरोपी से मामले की असलियत जानने के लिए दो दिन की रिमांड चाहती थी। हालांकि अदालत ने दीपक यादव को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। इस दौरान पुलिस इससे हत्या के मामले में असली कहानी के बारे में जानकारी हासिल करेगी। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त रिवॉल्वर उसी समय बरामद कर लिया था।

### राधिका किचन में काम कर रही थी

वहीं, पुलिस ने शुक्रवार को राधिका का पोस्टमार्टम कराया है। डॉक्टर दीपक माथुर ने बताया कि डॉक्टरों के बोर्ड ने राधिका का पोस्टमार्टम किया है। राधिका को पीठ में चार गोलियां मारी गई थी। जिसमें से तीन गोली कमर में तथा एक गोली कंधे में लगी है। जबकि आरोपी पिता ने राधिका पर पांच गोलियां चलाई थी। उस दौरान राधिका किचन में काम कर रही थी।

### आरोपी पिता को ताने देने वाले भी पुलिस के रडार पर

टेनिस खिलाड़ी एवं कोच राधिका यादव हत्याकांड में अब गुरुग्राम पुलिस के रडार पर वह ग्रामीण भी आ गए हैं जिन्होंने राधिका के पिता दीपक यादव को ताने दिए थे। रिमांड के दौरान पूछताछ में बार-बार दीपक यादव द्वारा एकेडमी चलाने और बेटी की कमाई खाने के तानों का जिक्र कर रहा है। ऐसे में पुलिस उन ग्रामीणों के नाम भी आरोपी दीपक यादव से पूछ रही है। सेक्टर-56 थाना प्रभारी की मानें तो उन ग्रामीणों को भी जांच में शामिल करने के साथ ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। प्रारंभिक तौर पर उन ग्रामीणों की पहचान की जा रही है जिनके द्वारा ताने दिए जाने की बात आरोपी ने कही है। थाना प्रभारी की मानें तो ताने देने वाले ग्रामीणों की भूमिका हत्या करने के लिए उकसाने में मानी जा सकती है।

### राधिका का एक म्यूजिक वीडियो आया सामने

वहीं, राधिका का एक म्यूजिक वीडियो भी सामने आया है, जिसके कारण पिता नाराज थे। चर्चा है कि पिता को बेटी का म्यूजिक वीडियो और सोशल मीडिया पर रील बनाना पसंद नहीं था। हालांकि पुलिस ने इंस्टाग्राम वीडियो के विवाद को एक सिरे से नकार दिया है। गुरुग्राम के सेक्टर 57, सुशांत लोक में रहने वाली राधिका एक प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ी थीं और कुछ समय से अपनी टेनिस अकादमी चला रही थीं।जिसमें वह अभिनय करती दिख रही हैं। यह वीडियो जीशान अहमद ने एलएलएफ के साथ प्रोड्यूस किया था, जिसमें एक्टर इनाम भी नजर आते हैं।

### मां के बर्थडे पर किया लाड़ली का मर्डर

यहीं नही जिस दिन राधिका का मर्डर हुआ, उस दिन उसकी मां मंजू यादव का बर्थडे था। लेकिन अभी तक मंजू यादव अपने पति के बचाव में है और उसने पुलिस के समक्ष कोई बयान नहीं दिया है।

*नपा के खाते से गैर कानूनी से धन निकाला था*

# ईडी अदालत का सहारनपुर सांसद मसूद व सहयोगी के खिलाफ गैर जमानती वारंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद और उनके एक सहयोगी के खिलाफ ईडी अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। अदालत ने तीसरी बार गैर जमानती जारी किए गए हैं। नगर पालिका परिषद सहारनपुर के खाते से गैर कानूनी तरीके से लाखों रुपए निकालने के आरोपी सांसद इमरान मसूद और उसके सहयोगी जुल्फिकार के मामले में शुक्रवार को सीबीआई/ईडी अदालत में सुनवाई हुई । इमरान मसूद और उनका सहयोगी जुल्फिकार अदालत में हाजिर नहीं हुए। ईडी अदालत ने दोनों आरोपियों के खिलाफ फिर से तीसरी बार गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तारीख लगाई है। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार इमरान मसूद वर्ष 2007 में सहारनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष थे। इमरान मसूद पर आरोप है कि उन्होंने गैर कानूनी तरीके से नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रहते हुए नगर पालिका परिषद के खाते से सहयोगी जुल्फिकार के साथ मिलकर करीब 40 लाख रुपए निकाल लिए थे। इस मामले में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी यशवंत सिंह ने इमरान मसूद और जुल्फिकार के खिलाफ 6 नवंबर 2007 मे मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। कुछ दिन बाद ईडी ने इमरान मसूद और जुल्फिकार के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मुकदमा रजिस्टर्ड कर लिया था। इमरान मसूद वर्तमान में लोकसभा सदस्य हैं। शुक्रवार को सीबीआई/ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई ।

### वाहन चोरी के मामलों में 3 काबू, 2 मोटरसाइकिल व ऑटो बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की वाहन चोरों पर लगातार कार्रवाई जारी। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीमों ने तीन अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच 56 की टीम ने अभिषेक निवासी नंगला एनक्लेव पार्ट 2 फरीदाबाद को मोटरसाईकिल सहित आशियाना फ्लैट सेक्टर.56 से, रवि निवासी गांव कबरई जिला महोबा यूपी हाल गांव बडोली फरीदाबाद को मोटरसाईकिल सहित जाट चौक से व लाडन वासी हाल राजीव कॉलोनी फरीदाबाद को फतेहपुर तगा नहर के पास से ऑटो सहित गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों पर संबंधित थाना में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### राजपुर ब्लॉक में कांग्रेस की बैठक संपन्न

**गाजियाबाद।** जिला कोऑर्डिनेटर शिवराम वाल्मीकी ब्लॉक राजापुर के प्रभारी मुहम्मद इरफान को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव दत्त अदना के गांव पहुंचे। उन्होंने जिला कांग्रेस कमिटी के महामंत्री बिजेंद्र शर्मा तथा रियाज सैफी जिला सचिव राजेश यादव तथा अन्य क्षेत्र के व कांग्रेस जनों के साथ 6 बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। लगभग 20 पोलिंग स्टेशनओं पर एक मंडल कमेटी बनाने की रूपरेखा तैयार की तथा उसमें क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों को स्थान देने के लिए इसमें सभी जातियों तथा धर्म का समावेश हो साथियों को निर्देश दिए गांव तथा पोलिंग स्टेशन का संगठन आत्मक ढांचा एक सप्ताह में तैयार कर आपकी सेवा में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

### चोरी की योजना बना रहे तीन बदमाशों व पुलिस के बीच चली गोलियां, 3 धराए

*मुठभेड़ में दो बदमाश घायल*



**गाजियाबाद।** स्वाट टीम अपराध व थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने पिछले वर्ष 10 अगस्त की रात में इन्दिरापुरम क्षेत्रान्तर्गत जयपुरिया मॉगल के सामने स्थित घडियों के शोरुम साई क्रिएशन का शटर तोड़कर शोरुम में रखी कीमती घड़ियों की चोरी करने वाले तीन बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। ये तीन अपराधी घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। इनमे एक बदमाश की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम था। इनके कब्जे से कब्जे से 2 अवैध तमंचा, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस, 01 अवैध चाकू व साई क्रिएशन शोरुम से चोरी की गई 1 घड़ी बरामद हुई हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | एसई ओपी वृत्त डीएचबीवीएन सिरसा के अधिकार क्षेत्र के तहत ऑपरेशनल के तहत वर्ष 2025-26 हेतु निगम के लेबर निर्धारित दरों पर आकलन के अनुरूप एलटी कार्यों की सभी श्रेणियों की स्थापना के एलटी एचटी के नये कनेक्शनों के मीटर जारी करने के ट्रांसफोर्मर रिलोकेशन का संवर्धन और सम्बद्ध कार्य, नये ट्रांसफॉर्मर्स की स्थापना, आयरन पोल्स को बदलना, एसीएसआर कंडक्टर 11 केवी फीडर्स संवर्धन का द्विभाजीकण त्रिभाजीकरण। | 10.07.2025 23.07.2025 | 50 लाख | www.dhbvn.org.in | 1666238405 xenopclysirsa@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/36510/I/88/7 दि. 11.07.25


### जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर दो शराब तस्कर पकड़े

**गुरुग्राम।** जीआरपी ने गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर दो शराब तस्करों को अवैध शराब सहित काबू किया है। आरोपी रेल द्वारा हरियाणा से शराब ले जाकर बिहार में मंहगे दामों पर सप्लाई करते थे। जीआरपी ने आरोपियों से 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, रेलवेज हरियाणा अंबाला छावनी की एसपी नितिका गहलोत के दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए, जीआरपी गुरुग्राम के एएसआई नरेश कुमार गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दो युवकों को अवैध शराब सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान बिहार के विकास कुमार व प्रमोद कुमार के रूप में हुई। जीआरपी ने आरोपियों के कब्जा से 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर केस दर्ज कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बिहार में शराबबंदी लागू है।

*तस्कर ट्रेन से हरियाणा से शराब ले जाकर बिहार में करते थे सप्लाई*

### मुंबई एक्सप्रेस वे पर 30 फीट नीचे गिरा ट्रक, कैमिकल के डिब्बों में लगी भीषण आग

**गुरुग्राम।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर को संतुलन बिगड़ने से एक ट्रक करीब 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। वहीं ट्रक में कैमिकल के डिब्बे भरे थे, जिनमें अचानक आग लग गई। लोगों ने जैसे-तैसे ट्रक के चालक-परिचालक को बाहर निकाला। आग की सूचना ट्रैफिक पुलिस ने दमकल विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने फायर टेंडर की मदद से आग पर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे कैमिकल डिब्बों से भरा एक ट्रक मुंबई एक्सप्रेस वे के रास्ते जयपुर से गुरुग्राम की ओर आ रहा था। ट्रक मुंबई एक्सप्रेस वे से गुरुग्राम की ओर जाने के लिए मोड काटने लगा तो ट्रक का संतुलन बिगड जाने के कारण 30 फीट नीचे गिर गया। ट्रक चालक सादाब व परिचालक सकील को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों व अन्य लोगों ने बाहर निकाला। दोनों को सोहना के नागरिक अस्पताल में एडमिट कराया। ट्रक के नीचे गिरते ही उसमे भरे डिब्बो में कैमिकल होने के कारण एक-एक कर धमाकों के साथ आग लग गई। इसकी सूचना मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस के एएसआई देवेंद्र सिवाच, मुख्य सिपाही जुगराम, मुख्य सिपाही विजयपाल, भोंडसी जोनल अधिकारी ओमबीर, मुख्य सिपाही विजय के साथ मौके पर पहुंचे।

# भारतीय किसान यूनियन छोटू राम का गठन, आनंद चौधरी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

*किसान एवं मजदूर की समस्यायों के निस्तारण के लिए होगा संघर्ष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



निस्तारण कराने के लिए भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) गठित किया गया है। जिसकी घोषणा शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी को बनाया गया है। आनंद चौधरी ने बताया कि किसान एवं मजदूर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न समस्याएं पैदा होती रहती हैं। प्रशासनिक स्तर पर किसान एवं मजदूरों का उत्पीड़न होता रहता है। किसान एवं मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए यह निर्णय किया गया है कि भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के नाम से एक संगठन बनाया गया है। जिसका उद्देश्य खास तौर से ग्रामीण इलाकों में किसानों की कम होती कृषि भूमि, फसलों का उचित मूल्य दिलाना, शिक्षा के स्तर का विकास करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शहरीकरण का तेजी से विस्तार भविष्य में किसानों एवं मजदूरों के परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों को मजबूती से सामना करना है। भारतीय किसान यूनियन के बैनर के नीचे मजबूती से लड़ाई का संकल्प लेते हुए उक्त संगठन का राष्ट्रीय स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का काम किया जाएगा।

मां संगठन के बैनर के नीचे मजबूती से आंदोलन चलाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। समाज के हर वर्ग को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना समझ में भाईचारा बनाए रखना हमारी प्राथमिकता रहेगी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में झज्जर में ज्युडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में डीजी सैट को बदलना + 3 कार्य। | 09.07.2025 16.07.2025 | 25.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द में पुराने लोनिवि विश्राम गृह भवन की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 18.07.2025 | 89.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में जीवीडी सिलानी की नई बिल्डिंग का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 23.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा रोडवेज, दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शैड का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 15.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में शाहाबाद और पेहोवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शोल्डरिंग और मजबूतीकरण / सुधार सहित 6 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. अम्बाला हिसार रोड से शेरगढ़ वाया जैतपुर (रोड आईडी 8130), 2. जी.टी. रोड से अहमदपुर वाया खानपुर जाट्टान (रोड आईडी 8105), 3. मोरथाला से जलखेड़ी से खरिंडवा (रोड आईडी 8098), 4. अम्बाला हिसार रोड से कुम्हार माजरा से इस्माइलपुर (रोड आईडी 8131), 5. शाहाबाद ठोल रोड से राय माजरा (रोड आईडी 8136), 6. शाहबाद ठोल रोड से नागला सुलखानी (रोड आईडी 8143)। | 04.07.2025 14.07.2025 | 337.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड को चौड़ा करना, मजबूतीकरण / सुधार, 1. गादली से सलीमपुर (रोड आईडी 7989), 2. लाडवा मुस्तफाबाद रोड (रोड आईडी 7975), 3. लिंक रोड से फलसांदा रांगरान (रोड आईडी 7926), 4. शाहाबाद लाडवा रोड से कालवा बिरथला (रोड आईडी 7914) + 1 कार्य। | 07.07.2025 17.07.2025 | 810.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र के तहत अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 13 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 10, 81, 87, 89, 91, 92, 122, 123, 126, 127, 130, 131, 146) (पार्ट-2) (ग्रुप-6)। | 09.07.2025 18.07.2025 | 178.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव रढाना में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 25.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 2, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न 16 अदद लिंक रोड (अर्थात रोड आईडी 16, 21, 28, 35, 37, 41, 45, 54, 57, 58, 67, 150, 159, 325, 10161 और 11359) के लिए चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (मुल्लाना निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप-1) + 3 कार्य। | 04.07.2025 14.07.2025 | 1323.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417362462 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव इंताल कलां में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 25.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मंगर ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में चौपाल का निर्माण, एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 09.07.2025 16.07.2025 | 39.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 12 | स्वास्थ्य विभाग नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले के स्वास्थ्य संस्थान हेतु मुद्रण और आईईसी सामग्री के लिए निविदा। | 10.07.2025 30.07.2025 | 1.2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466991604 dpm.mhn@gmail.com |
| 13 | नागरिक उड्डयन हरियाणा | एक न्यू ट्विन इंजन स्टेट वीआईपी हैलीकॉप्टर, वीटी-एचवाईआर का व्यापक बीमा। | 10.07.2025 31.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 14 | सिविल सर्जन नूह, हरियाणा | स्वास्थ्य विभाग नूह (मेवात) हेतु यूएसजी सेवाओं के लिए ई-निविदा सूचना का प्रकाशन। | 11.07.2025 21.07.2025 | ईएमडी 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417560524 dhs.csmwt@hry.nic.in |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, भिवानी xenmechbhiwani@gmail.com | सीवरेज सबमर्सिबल पम्प + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 15.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | ईपी सैट्स के विभिन्न स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 2.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 17 | पंचायती राज रोहतक | गांव खरावड़ में बाबा टहलनाथ पीड़ित गौशाला में शेड का निर्माण (एमपीएलएडी-डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा) + 2 कार्य। | 07.07.2025 14.07.2025 | 34.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 18 | बीपीएस जीएमसी फॉर वीमन खानपुर कलां (सोनीपत) | वैद्युत मदों, प्लम्बिंग मदों और स्काफ-फोल्डिंग का प्रावधान। | 11.07.2025 18.07.2025 | ईएमडी 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925 Bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/360/36532/I/88/7 दि. 11.07.25

**खबर संक्षेप**


## 1.11 करोड़ लोगों के खाते में आए 1227 करोड़

**पटना।** सीएम नीतीश ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए बिहार के 1.11 करोड़ पेंशनधारियों को 1227 करोड़ रुपए की राशि 11 जुलाई को ट्रांसफर कर दी है। पहली बार लाभार्थियों को बढ़ी हुई दर 1100 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन मिली। सरकार ने हाल ही में दिव्यांग, बुजुर्ग व विधवा पेंशन की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 प्रति महीना कर दी थी। सीएम ने पेंशन का लाभ पाने वाले लोगों से बातचीत भी की।



## बिहार में 12 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**पटना।** बिहार में 12 आईपीएस अधिकारियों और बिहार पुलिस सेवा के दो पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार संजय सारण के ग्रामीण एसपी व शिखर चौधरी को कटिहार के एसपी बनाए गए हैं। मोहिबुल्लाह अंसारी को पटना नगर का एसडीपीओ-1, अतुलेश झा को रोहतास के डिहरी का एसडीपीओ -1 व शिवम को दानापुर का एसडीपीओ-1 बनाया गया है।




## कांग्रेस कार्यालय में रेप उपाध्यक्ष को भेजा जेल

**आगरा।** यहां कांग्रेस के महानगर उपाध्यक्ष जलालउद्दीन को रेप और जानलेवा हमले के मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन पर जबरिया धर्मांतरण के मामले में भी केस दर्ज किया गया है। एक महिला ने कांग्रेस कार्यालय में रेप का आरोप लगाते हुए चार जुलाई को शाहगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने चाकू से हमले का वीडियो भी वायरल किया था।



# प्रदेश में जल्द लागू होगा जन विश्वास कानून, सभी छोटे अपराध खत्म होंगे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में निवेश का माहौल बढ़ाने और प्रदेश को व्यापार-अनुकूल गंतव्य बनाने के लिए राज्य सरकार जल्द हरियाणा जन विश्वास विधेयक लागू करने पर विचार कर रही है। इस ऐतिहासिक विधेयक का उद्देश्य छोटे-मोटे अपराधों को अपराध से मुक्त करने के साथ-साथ नियामक बाधाओं को दूर करना और विभागों में अनुपालन बोझ को कम करना है। कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव केके पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस विधेयक और संबंधित सुधारों की जानकारी दी गई। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि राज्य में विनियमन को सरल बनाया जाए, अनुपालन का बोझ घटे और छोटे अपराधों को अपराध-मुक्त कर कारोबारी सहुलियत बढ़ाई जाए। इससे राज्य में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार करना और आसान होगा।



### भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण होगा

मुख्य सचिव ने आगे कहा कि राज्य सरकार का दृष्टिकोण समग्र है। चाहे औद्योगिक स्वीकृतियों को सुव्यवस्थित करना हो, भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण हो या भवन बिल्डिंग कोड को सरल बनाना हो, हर उपाय का मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और उद्यम को सहायता देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं देश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विनियमन और अनुपालन में कटौती के उपायों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष सुधार केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लागू किए जाएंगे।

**हरियाणा में ईओडीबी प्रकोष्ठ बनाया :** इन सुधारों का सुव्यवस्थित और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार ने एक समर्पित राज्य-स्तरीय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) प्रकोष्ठ की स्थापना की है। मुख्य सचिव की प्रत्यक्ष देखरेख में यह प्रकोष्ठ विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है, कानूनी प्रावधानों का विश्लेषण कर रहा है और सरलीकरण की सिफारिश कर रहा है। इसके साथ ही, जटिलता को कम करने और एकीकृत योजना को आगे बढ़ाने के लिए, हरियाणा अपनी भूमि उपयोग नीतियों और विकास नियमों को भी युक्तिसंगत बना रहा है। राज्य ने मिश्रित भूमि उपयोग मॉडल को अपनाया है, जिससे अधिकांश क्षेत्रों में आवासीय, वाणिज्यिक और सार्वजनिक उपयोगों की अनुमति मिल गई है।

### गुरुग्राम-फरीदाबाद दिल्ली से आगे निकले

■ कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव पाठक ने व्यापार सुधारों में अग्रणी राज्य के रूप में हरियाणा की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अनुपालन में कमी और विनियमन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राज्य से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने बताया कि किस तरह गुरुग्राम और फरीदाबाद आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं, यहां तक कि कई मानकों में दिल्ली से भी आगे निकल गए हैं।

■ उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और आर्थिक गतिशीलता के मामले में हम हरियाणा को गुजरात, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के बराबर मानते हैं।

### 36 पुराने एक्ट निरस्त हो चुके

■ हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले एक दशक में हरियाणा ने तीन प्रमुख विभागों में 36 पुराने अधिनियमों को निरस्त किया है और 37 छोटे आपराधिक प्रावधानों को हटाया है।

■ जन विश्वास विधेयक कानूनी आधुनिकीकरण के अगले चरण का प्रतीक है। इस सुधार की अगुआई कर रहे उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने 37 विभागों के 230 से अधिक अधिनियमों की व्यापक समीक्षा शुरू की है।

## जमीन पर एटीएस रैपिड एक्शन फोर्स और क्विक रिस्पॉन्स टीमों की तैनाती

### 29,454 सीसीटीवी कैमरे, 395 हाईटेक ड्रोन

# कांवड़ यात्रा में योगी सरकार ने किए महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा इंतजाम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी कांवड़ यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ जैसी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किया है। इस बार यात्रा की निगरानी के लिए 29,454 सीसीटीवी कैमरे, 395 हाईटेक ड्रोन, और आधुनिक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। जमीन पर एटीएस रैपिड एक्शन फोर्स और क्विक रिस्पॉन्स टीम की टीमें तैनात की गई हैं। कुल 587 राजपत्रित अधिकारी, 13,520 सब-इंस्पेक्टर, और 39,965 आरक्षी यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात कार्यरत हैं

कांवड़ यात्रा 2025 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुंभ जैसी सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शिव मंदिरों और यात्रा मार्गों पर हाईटेक निगरानी शुरू हो चुकी है। इस बार यात्रा की निगरानी के लिए 29,454 सीसीटीवी कैमरे, 395 हाईटेक ड्रोन, और आधुनिक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोकने के लिए विशेष सेल सक्रिय है।

योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा को महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यात्रा मार्गों और प्रमुख शिव मंदिरों पर नजर रखने के लिए 395 हाईटेक ड्रोन तैनात किए गए हैं, जिनमें टीथर्ड ड्रोन शामिल हैं। ये ड्रोन स्थिर उड़ान और लंबी अवधि की निगरानी में सक्षम हैं। इसके अलावा एंटी-ड्रोन सिस्टम का उपयोग संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा रहा है। जमीन पर एटीएस रैपिड एक्शन फोर्स और क्विक रिस्पॉन्स टीम की टीमें तैनात की गई हैं। कुल 587 राजपत्रित अधिकारी, 13,520 सब-इंस्पेक्टर, और 39,965 आरक्षी यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात कार्यरत हैं।

**खास बातें**

- यूपी कांवड़ यात्रा के लिए महाकुंभ जैसी सुरक्षा व्यवस्था
- सीएम योगी ने अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

### आधुनिक कंट्रोल रूम और रियल-टाइम निगरानी



यात्रा की निगरानी के लिए आधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है. 29,454 सीसीटीवी कैमरे प्रमुख मार्गों, मंदिरों, और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगाए गए हैं। इन कैमरों से प्राप्त फुटेज को कंट्रोल रूम में विश्लेषण किया जा रहा है ताकि किसी भी असामान्य गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। हर पुलिस अधिकारी का संपर्क नंबर और दिशा-निर्देश क्यूआर कोड के जरिए साझा किए गए हैं, जिससे कांवड़ियों को तत्काल सहायता मिल सके. इसके अलावा सोशल मीडिया सेल को विशेष रूप से सक्रिय किया गया है, जो अफवाहों और भ्रामक खबरों पर कड़ी नजर रख रही है।

**कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, "कांवड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों का पवित्र आयोजन है। इसे पूरी गरिमा और सुरक्षा के साथ संपन्न करना हमारी प्राथमिकता है। सीएम ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि कांवड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो और यात्रा मार्ग पर स्वच्छता, पेयजल, और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहें।*

# 137 चिकित्सा अधिकारियों की शीघ्र नियुक्ति करे सरकार: डॉ. व्यास

- यूडीएफ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा मांगपत्र
- राज्य की मेडिकल सुविधाओं को सशक्त करना होगा
- इससे मरीजों को भी बड़ा फायदा होगा

**चंडीगढ़।** यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास और उपाध्यक्ष डॉ शुभ प्रताप सोलंकी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को चिकित्सा अधिकारियों की दूसरे चरण की शीघ्र नियुक्ति हेतु पत्र सौंपा गया। बता दें कि हरियाणा सरकार द्वारा 777 पदों पर चिकित्सा अधिकारी (एचसीएमएस) की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में प्रारंभ की गई थी, जिसकी परीक्षा 01 दिसंबर 2024 को हुई थी और परिणाम 15 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। इसके पश्चात कुल 561 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र एवं अस्पताल अलॉटमेंट प्रदान कर दिया गया, जो वर्तमान में कार्यरत हैं। डॉ व्यास ने बताया कि शेष बचे हुए 137 डॉक्टर्स ने दिनांक 21 अप्रैल 2025 को दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया में भाग लिया था, लेकिन लगभग तीन माह बीत जाने के बावजूद उन्हें न तो नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है और न ही कोई सूचना जारी की गई है।



### ये बोले उपाध्यक्ष डॉ शुभ प्रताप

इन डॉक्टर्स में से कई ने अपनी पूर्व की नौकरियों से इस्तीफा दे दिया था तथा वर्तमान में वे मानसिक, आर्थिक व पेशेवर असमंजस की स्थिति में हैं। बार-बार स्वास्थ्य विभाग व संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने के बावजूद भी कोई ठोस उत्तर प्राप्त नहीं हो रहा है। इससे सरकार की पारदर्शिता और भर्ती प्रक्रिया की गंभीरता पर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं। प्रदेश में डॉक्टर्स की भारी कमी के चलते पहले से ही स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही देरी न केवल डॉक्टर्स के लिए अनुचित है, बल्कि प्रदेश की जनता के लिए भी नुकसानदायक है।

### मेडिकल सेवाएं सशक्त होंगी

यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया कि 21 अप्रैल को दस्तावेज सत्यापन में सम्मिलित 137 चिकित्सा अधिकारियों को शीघ्र नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें अस्पतालों में कार्यभार ग्रहण करवाया जाए, जिससे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। यह न केवल डॉक्टर्स को राहत देगा बल्कि राज्य की मेडिकल सेवाओं को सशक्त करने में भी मददगार होगा।

# राहुल ने चुनाव आयोग को भाजपा का विंग बताने पर भड़के धर्मेंद्र प्रधान

## कहा, राहुल गांधी की हालत 'नाच न जाने आंगन टेढ़ा'

*केंद्रीय मंत्री ने ओडिशा में आयोजित कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को बताया राजनीतिक पर्यटन*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए 'नाच न जाने आंगन टेढ़ा' कहावत का उपयोग किया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। इस पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रधान भड़क उठे। राहुल ने रैली में कहा कि चुनाव आयोग (ईसीआई) अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक विंग बन चुका है और बिहार में भी महाराष्ट्र जैसी चुनाव चोरी की साजिश रची जा रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उनपर करारा हमला बोला है।

प्रधान ने कांग्रेस की भुवनेश्वर रैली को राजनीतिक पर्यटन करार देते हुए एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी द्वारा भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित संविधान बचाओ रैली दरअसल कांग्रेस के शहज़ादे का एक और राजनीतिक पर्यटन था। यह 'संविधान बचाओ' नहीं बल्कि 'राहुल गांधी और कांग्रेस बचाओ' समावेश है। ओडिशा में भाजपा की जनहितैषी सरकार के प्रति जनता का अडिग विश्वास कांग्रेस को परेशान कर रहा है। ओडिशा में कांग्रेस का कोई वजूद और अस्तित्व ही नहीं है, ओडिशा के गरीब, दलित, आदिवासी, किसान और मजदूरों ने कांग्रेस को दशकों पहले नकार दिया था। ऐसे में राहुल गांधी का ओडिशा के गरीबों के हित की बात करना छलावे के अतिरिक्त कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा से गरीबों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की अनदेखी करने का रहा है। कांग्रेस की सरकारों द्वारा दिल्ली से भेजे गए पैसों को कभी बिचौलिए लूट लेते थे, तो कभी एससी एसटी और पिछड़े वर्गों के हक को अपने खास वोटबैंक को कांग्रेस समर्पित कर देती थी। स्पष्ट शब्दों में कहें तो गरीबों का हक और आदिवासियों की जमीन तभी तक सुरक्षित है, जब तक कांग्रेस सत्ता में नहीं है।

भाजपा नेता ने कहा कांग्रेस की महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में करारी हार हुई है, जिसके बाद राहुल गांधी और खड़गे चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं। हैरानी यह भी है कि संविधान बचाने का उपदेश वह कांग्रेस पार्टी दे रही है, जिसने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए, संविधान को रौंदते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया था।

प्रधान ने कहा है कि राहुल गांधी की हालत आज, 'नाच न जाने, आंगन टेढ़ा' जैसी है, बार-बार चुनावी हार के बाद एक बार फिर बिहार के आगामी चुनावों में हार को देखते हुए कांग्रेस पार्टी 'वोट चोरी' का नया शिगूफा लेकर आई है। मगर, ओडिशा सहित देश की जनता, कांग्रेस और राहुल गांधी के हर प्रपंच व फरेब को अब पहचान चुकी है और आगे भी ऐसे जनविरोधी और संविधान विरोधियों को हर चुनाव में जनता करारा जवाब देती रहेगी।

# अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए सेना ने लांच किया 'ऑपरेशन शिवा'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा-2025 को एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन शिवा' लांच किया है। जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाबा बर्फानी की इस पवित्र यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों को एक अच्छी और सुरक्षित यात्रा का अनुभव कराना है। सेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

### सीमा पर तनाव के बीच सेना का अहम कदम

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सेना के ऑपरेशन शिवा लांच किया है। पहलगाम आतंकी हमले (26 लोगों की आतंकियों ने हत्या कर दी थी) के जबाव में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों को मटियामेट किया था। भारत का यह अभियान अभी भी जारी है। भविष्य में सीमा पार से कोई और आतंकी हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसे देश के खिलाफ युद्ध की तरह से देखा जाएगा और उसी अंदाज में उससे निपटा जाएगा।

### 8 हजार 500 जवानों की तैनाती

सेना ने बताया कि यात्रा के लिए ऑपरेशन शिवा के तहत उसने यात्रियों के समूचे सुरक्षा सिस्टम को मजबूत बनाते हुए 8 हजार 500 से अधिक जवानों की तैनाती की है। जिन्हें विभिन्न प्रकार के रणनीतिक और तकनीकी संसाधनों से लैस किया गया है। आतंकवाद से मुकाबले के लिए एक मजबूत ग्रिड, कॉरिडोर सुरक्षा और सशक्त सुरक्षा तैनाती इसका अहम हिस्सा है। ड्रोन हमले के खतरे से निपटने के लिए 50 सी-यूएएस और ईडब्ल्यू सिस्टम लगाए गए हैं। यात्रा मार्ग और पवित्र गुफा पर यूएवी मिशन और लाइव निगरानी के जरिए बल की पैनी नजर बनी हुई है। इंजीनियर टास्क फोर्स पुलों के निर्माण, मार्ग को चौड़ा करने और आपदा में राहत प्रदान करने के लिए शामिल किया गया है।

### हेलिकॉप्टर स्टैंड बाय पर

150 से ज्यादा डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी एक 100 बेड का अस्पताल, 26 ऑक्सीजन बूथ (2 लाख लीटर ऑक्सीजन) के साथ तैनात हैं। बेहतर संचार के लिए सेना ने सिग्नल्स की कंपनियां लगाई हैं। बम निरोधक दस्ते को भी ऑपरेशन शिवा में शामिल किया गया है। 25 हजार लोगों के लिए आपात राशन की व्यवस्था भी सेना ने की है। क्यूआरटी, टेंट, वाटर पॉइंट, बुलडोजर को अलर्ट पर रखा गया है। साथ ही सेना के हेलिकाप्टर किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए स्टैंड बाय पर रखे गए हैं।

**27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

## हेमंत सरकार का तोहफा
# राज्य कर्मियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता 6% बढ़ा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में शुक्रवार को कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिसमें सबसे अहम है राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी। हेमंत सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में 6 प्रतिशत की वृद्धि की है। कैबिनेट में विधानसभा के मानसून सेशन पर मुहर लगी। मानसून सत्र एक से 7 अगस्त तक होगा।

इसी के साथ, हेमंत सरकार ने चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. स्नेहा सिंह तथा डॉ. सिद्धार्थ को सेवा बर्खास्त कर दिया गया है। दोनों ही डॉक्टर लंबे समय से ड्यूटी से गायब थे। हेमंत सरकार ने एक और अहम प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। थानों में 1255 चार पहिया तथा 1697 दो पहिया वाहन खरीदे जाएंगे। अन्य विवरण की प्रतीक्षा है।



कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्ताव पर मुहर लगी है। योजना एवं विकास विभाग की तरफ से जिला को आवंटित में बढ़ोतरी की गई है। पथ निर्माण विभाग को सिल्ली रंगा माटी रोड के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही रांची जिला अंतर्गत कुमारिया मोड से पिठौरिया रोड के पुनर्निर्माण की स्वीकृति दी गई है। पथ प्रमंडल रांची ग्रामीण अंतर्गत दिल्ली हजम रंगमती पाठ कुल लंबाई 39 किलोमीटर सुधार के लिए 32 करोड़ 70 लाख 37,000 की स्वीकृति दी गई।

## झारखंड में नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश तेज
# रांची में रघुवीर दास से अमित शाह की लंबी मुलाकात, पांच नाम दिख रहे सबसे आगे

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश चल रही है। दो दिवसीय झारखंड दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की भविष्य की राजनीति के संकेत दिए। शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से अकेले में लंबी चर्चा की। इस दौरान झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात, पार्टी संगठन की स्थिति पर चर्चा की। इस दौरान लगभग तय हो गया है कि झारखंड में भाजपा की कमान किसे दी जाएगी। हालांकि, अभी इस बात की घोषणा नहीं की गई है।



### इन नेताओं से भी शाह की मुलाकात

वहीं, शाह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से भी सांगठनिक गतिविधियों पर चर्चा की। झारखंड भाजपा में बाबूलाल मरांडी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश की जा रही है। इसी हफ्ते राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भी नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी की थी।

### चर्चा में है ये नाम

बीते दिनों जब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष झारखंड दौरे पर आए थे, तब से नए अध्यक्ष को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। राजनीतिक गलियारों में कुल 5 नामों की सबसे ज्यादा चर्चा है। इसमें भाजपा के एक राज्यसभा सांसद, एक लोकसभा सांसद और विधायक का नाम भी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा झारखंड में लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल या रघुवर दास को प्रदेश की कमान दे सकती है। हालांकि, इस लिस्ट में तीन और नाम हैं, जिनकी चर्चा जोरों पर है। ऐसे में कहा जा रहा है कि झारखंड में भाजपा, पार्टी की कमान राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को भी दे सकती है। इस लिस्ट में विधायक सीपी सिंह और प्रदीप वर्मा का नाम भी शामिल है।

## पेज एक का शेष

### ब्रह्मोस ने निभाई अहम...

बेहतरीन सिस्टम ने अच्छा काम किया। जिनमें ब्रह्मोस मिसाइल, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमांड सिस्टम व युद्धक्षेत्र निगरानी मुख्य हैं। भारत ने 9 आतंकी लक्ष्यों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया था। ये सीमा के पास नहीं थे। बल्कि पाकिस्तान के अंदर मौजूद थे। इसके बाद भी हमने सभी लक्ष्यों पर सटीकता से वार किया और इसमें से कोई भी खाली नहीं गया।

### छोटे और क्षेत्रीय दलों को हो ...

(टीएमसी) शामिल थे। सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से अनुराग ठाकुर, संबित पात्रा, भर्तृहरि महताब और हरीश बालयोगी (टीडीपी) मौजूद थे। विपक्षी दलों ने इस विधेयक पर कई आपत्तियां दर्ज की हैं। जेपीसी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी ने कहा कि यदि विधेयक में संशोधन की आवश्यकता होगी, तो समिति इसे राष्ट्रीय हित में संशोधित करेगी। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को राष्ट्र-निर्माण के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि समिति की सिफारिशें संसद में केवल व्यापक विचार-विमर्श और संशोधनों के बाद ही प्रस्तुत की जाएंगी। विदित हो कि इससे पहले यूयू ललित और रंजन गोगोई, पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने भी जेपीसी को अपनी भावना से अवगत कराया था।

## गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की मौत से मचा हड़कंप


**गोरखपुर।** गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया, जब एनेस्थीसिया विभाग में कार्यरत एक युवा डॉक्टर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। मृतक डॉक्टर की पहचान 32 वर्षीय अबिषो डेविड के रूप में हुई है, जो केरल के तिरुअनंतपुरम के निवासी थे।वे मेडिकल कॉलेज के 100 सीटेट पीजी बॉयज हॉस्टल में रह रहे थे और एनेस्थीसिया विभाग में जूनियर रेजिडेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। दरअसल, सुबह रोज की तरह जब अबिषो डेविड समय पर विभाग में उपस्थित नहीं हुए तो विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार ने कर्मचारी को उनके हॉस्टल रूम में भेजा। कर्मचारी जब हॉस्टल पहुंचा तो उसने पाया कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है और खटखटाने व आवाज लगाने पर कोई उत्तर नहीं मिल रहा। हालात संदिग्ध देख कर्मचारी ने तुरंत विभागाध्यक्ष को सूचना दी।



# राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

लाइफ Style



# प्रियंका

## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां

ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।

हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



# पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



# द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

टीवी मसाला





# 11 अगस्त से शुरू होगा कौन बनेगा करोड़पति का नया सीजन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति'में अमिताभ बच्चन एक बार फिर से प्रतियोगियों से सवाल-जवाब करते नजर आएंगे। 11 अगस्त से 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन शुरू होगा। शो का एक प्रोमो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर शो 'कौन बनेगा करोड़पति का एक प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें एक अमीर आदमी एक गरीब आदमी का मजाक बनता है। अपने कारपेट से पैर हटाने के लिए कहता है। इस पर वह आदमी जानकारी देता है कि यह कारपेट ऐसे मटीरियल का बना है, जो गंदा नहीं होता है। इसके बाद वह कहता है, 'हमारे भदौयी में भी कारपेट बनते हैं, आपको भेजते हैं और उस आदमी के हाथ में कुछ पैसे रख देता है।' फिर एंट्री होती है, अमिताभ बच्चन की, वह कहते हैं, 'अक्ल है तो अकड़ है।' आगे प्रोमो में अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के टेलीकास्ट होने की तारीख बताते हैं। मगर यह बात वह विजय दीनानाथ चौहान के अंदाज में कहते हैं।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का उद्देश्य है प्रेरित करना

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने बताया कि, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत। आइए एक ऐसा शो बनाते हैं जो जरूरी सवाल उठाने से न डरे, जो बातचीत की शुरुआत करे और एक ऐसे दौर में अलग नजर आए, जहां विजुअल चमक-दमक सब कुछ बन चुका है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब लौट रहा है सीमित एपिसोड्स के साथ- अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए। इसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रभाव छोड़ना, सोच को झिंझोड़ना और सबसे जरूरी-प्रेरित करना है। ढेर सारी मस्ती, उत्साह और दिल से जुड़ी भावनाओं के साथ।'



# शिल्पा और संजय केडी में एक साथ आएंगे नजर



**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म 'केडी-द डेविल' का टीजर हाल ही में मुंबई में शानदार तरीके से लॉन्च किया गया। इस इवेंट के बाद से ही फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सबसे खास बात है संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी, जो एक लंबे अरसे बाद किसी फिल्म में एकसाथ नजर आने वाली है। दोनों ही सितारों के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक दमदार किरदार 'धाक देवा' के रूप में नजर आ रहे हैं और ध्रुव सर्जा 'केडी' की भूमिका में हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी का अंदाज भी कमाल का है। शिल्पा फिल्म में एक मजबूत और प्रभावशाली महिला किरदार निभा रही हैं, जो शायद कहानी का अहम मोड़ साबित हो। शिल्पा शेट्टी ने लंबे वक्त बाद किसी एक्शन ड्रामा फिल्म में वापसी की है और वो भी संजय दत्त जैसे मजबूत अभिनेता के साथ। उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। टीजर में भारी भरकम एक्शन सीन्स, जबरदस्त डायलॉग्स और 70 के दशक के पीरियड ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही संगीत निर्देशक अर्जुन जन्या का म्यूजिक भी लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म के पहले दो गाने 'शिवा शिवा' और 'सेट्टगल्ला' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खून के रिश्ते से नहीं, बल्कि एक और गहरे बंधन से जुड़े हैं। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, ड्रामा और रिवेंज की तगड़ी डोज का प्रॉमिस कर रही है। फिल्म का निर्देशन 'जोगी' फेम प्रेम ने किया है और इसमें ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। लेकिन सबकी निगाहें टिकी हैं संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी पर, जिन्होंने पहले भी साथ काम कर दर्शकों का दिल जीता था। एक बार फिर ये जोड़ी पर्दे पर एक ही फिल्म में आ रही है।

# आंखों की गुस्ताखियां देखकर दर्शकों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।' एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।' एक और एक्स यूजर ने लिखा है 'आंखों की गुस्ताखियां देखने में अच्छी है। विक्रांत मैसी ने अच्छा काम किया है। शनाया कपूर ने भी अच्छा काम किया है। उम्मीद है कि फिल्म अच्छी चलेगी।' फिल्म क्रिटीक कुलदीप गढ़वी ने फिल्म के बारे में लिखा है 'फिल्म ने न सिर्फ मेरे दिल को बल्कि मेरी आत्मा को भी छुआ है। यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी है जो धीरे-धीरे खुलती है और आप पर गहरी छाप छोड़ती है। यह शनाया कपूर की पहली फिल्म है, और यह वाकई कमाल की शुरुआत है!

## आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में आईं नजर

# दुख और कष्ट में बीता बचपन, बाद में बनीं बॉलीवुड की पहली कॉमेडी क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन की बात होती है तो महमूद और जॉनी वॉकर से लेकर जॉनी लीवर, जूनियर महमूद और राजपाल यादव के नाम लिए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन कौन थीं? अभिनेत्री उमा देवी खत्री उर्फ टुनटुन वो शख्स हैं, जिन्हें बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन माना जाता है। टुनटुन कॉमेडी क्वीन के नाम से जानी जाती हैं। सिंगर-एक्टर उमा देवी उर्फ टुनटुन की 11 जुलाई को 102वीं जयंती थी। इस मौके पर जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका सफर।

अपनी एक्टिंग से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली टुनटुन का बचपन दुखों भरा रहा है। टुनटुन का जन्म उमा देवी खत्री के रूप में 11 जुलाई 1923 को अब उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। टुनटुन का बचपन बेहद मुश्किलों में गुजरा। उनके माता-पिता और भाई की हत्या जमीन विवाद में कर दी गई थी। अपनी मौत से दो दिन पहले टुनटुन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैं नहीं जानती मेरे मां-बाप कैसे दिखते थे, क्योंकि जब मैं ढाई साल की थी तो वो गुजर चुके थे। मेरा 8-9 साल का भाई था, जिसका नाम हरी था। मुझे याद है हम अलीपुर में रहते थे। एक दिन मेरे भाई की भी हत्या कर दी गई, तब मैं चार-पांच साल की रही रहूंगी।



### ऐसे पड़ा टुनटुन नाम

टुनटुन का नाम उमा देवी से टुनटुन कैसे पड़ा इसके भी पीछे एक कहानी है। कुछ लोगों का कहना है ये नाम उन्हें उनके भारी वजन के कारण नौशाद ने दिया था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि उमा देवी को टुनटुन नाम दिलीप कुमार ने दिया था। बाबुल फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान टुनटुन के गिर जाने पर दिलीप कुमार ने कहा कि कोई उठाओ इस टुनटन को। बस यहीं से उनका नाम टुनटुन पड़ा। फिलहाल नाम जैसे भी पड़ा हो, लेकिन बाद में ये नाम बॉलीवुड का सबसे चर्चित नाम बना। 24 नवंबर 2003 को टुनटुन का निधन हो गया।

### घर से भागकर पहुंचीं मुंबई

टुनटुन का बचपन से ही संगीत की तरफ झुकाव था। वो अक्सर रेडियो से गाने सुनकर उसका रियाज किया करती थीं। टुनटुन अक्सर काम के सिलसिले में दरियागंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाया करती थीं। एक दिन वहां पर उनकी मुलाकात अख्तर अब्बास काजी से हुई। उन्होंने टुनटुन से वादा किया था वो उनकी मदद जरूर करेंगे। लेकिन, बाद में वो लाहौर चले गए। इसके बाद उनकी मुलाकात एक लड़की से हुई जो मुंबई के कई फिल्म वालों को जानती थी। एक दिन टुनटुन ने उनको ये बात बताई उन्हें गाने का बहुत शौक है, तो उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ मुंबई चलो। इसके बाद टुनटुन अपनी उस दोस्त के साथ भागकर मुंबई आ गईं। वहां पर दोस्त ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर नितिन बोस के असिस्टेंट से कराई। नए शहर में जाने के बाद टुनटुन के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, तो नितिन बोस के असिस्टेंट ने उन्हें अपने घर पर पनाह देदी।

### नौशाद ने ही दी फिल्मों में जाने की सलाह

बच्चे हो जाने के बाद टुनटुन काफी मोटी हो गई थीं। वो फिर से इंडस्ट्री में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए वो फिर नौशाद के पास पहुंचीं। लेकिन, नौशाद ने उनसे कहा कि अब लता मंगेशकर जैसे संगीत की शिक्षा लिए हुए लोग म्यूजिक में आ गए हैं। इसलिए अब यहां टिक पाना मुश्किल है। कहते हैं कि नौशाद ने ही टुनटुन को फिल्मों में एक्टिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने टुनटुन से कहा कि तुम्हारा वजन काफी बढ़ गया है। ऐसे में तुम्हें देखकर लोग हंसेंगे। तुम फिल्मों में एक्टिंग करो।

### दिलीप कुमार की फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

नौशाद दिलीप कुमार के पास गए। दिलीप कुमार उस वक्त बाबुल फिल्म बना रहे थे। नौशाद ने उन्हें टुनटुन को लेने के लिए कहा, दिलीप साहब इस पर राजी हो गए। इस तरह टुनटुन ने 1950 में आई फिल्म बाबुल से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। देखते-देखते टुनटुन बॉलीवुड की कॉमेडी क्वीन बन गईं। ऐसा कहा जाता है कि टुनटुन ने 200 फिल्मों में काम किया है।

# साइकिल से मिलेगी रफ्तार, स्कूल समय पर पहुंचने में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय, में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में जब विद्यार्थियों को साइकिलें मिलीं, तो उनके चेहरे खिल उठे। नई साइकिल मिलने पर सीएम को सुनने-देखने का अनुभव भी विद्यार्थियों ने साझा किया। विद्यार्थियों ने सरकार की योजना की तारीफ करते हुए कहा कि साइकिल से रफ्तार मिलेगी, स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी होगी। इससे पहले विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण के 2 दिवसीय अभियान का शुभारंभ करते हुए 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। मुख्यमंत्री का विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। छात्रा संतोषी साहू ने मुख्यमंत्री को हस्तनिर्मित पोर्ट्रेट भेंट की। कुमारी दीप्ति उईके ने गुरुवंदना की प्रस्तुत दी। कार्यक्रम में विधायक भगवान दास सबनानी और महापौर मालती राय, रवीन्द्र यति सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कमला नेहरु स्कूल में साइकिल पाने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खिले




### बच्चों के जीवन पर पड़ता है अपने शिक्षक का प्रभाव: मंत्री सिंह

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गुरुपूर्णिमा हमारे लिए अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। बच्चों के जीवन पर अपने शिक्षक का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। एक शिक्षक ही उन्हें काबिल बनाने का कार्य करता है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### धन्यवाद मुख्यमंत्री जी....

मैं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9वीं की छात्रा हूं। अब हमें स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी होगी। धन्यवाद मुख्यमंत्री जी। यह सरकार की बेहतर योजना है।

रिया कुमारी भारती, छात्रा

### जीवन में रफ्तार प्राप्त हुई

निःशुल्क साइकिल प्राप्त होने से जीवन में रफ्तार प्राप्त हुई हैं। अब हम आत्मविश्वास के साथ विद्यालय जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की यह अच्छी योजना है।

सिमरन गौर, छात्रा

### बहुत अच्छी योजना

निःशुल्क साइकिल योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। आज हम यहां कार्यक्रम में शामिल हुए। हमारे मुख्यमंत्री को सुनने और देखने का मौका मिला। बहुत अच्छा लगा।

धीरज नायर, छात्रा

### निःशुल्क साइकिल दी

आज भोपाल सहित पूरे प्रदेश में स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल दी गई हैं। यहां कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। मुख्यमंत्री को सुनने का मौका मिला।

रोशनी उइके, छात्रा



### ऐसी योजनाओं से विद्यार्थी प्रोत्साहित होते हैं

आज बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई हैं। सरकार की ऐसी योजनाओं से विद्यार्थी प्रोत्साहित होते हैं और बेहतर पढ़ाई भी होती है।

पीयूष अहिरवार, छात्र

### विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है

साइकिल सहित सरकार की कई योजनाएं हैं, जिनसे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है। आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। साइकिल वितरित की गई हैं।

अंकित मेहरा, छात्र

## गुरु पूर्णिमा पर डॉ. यादव ने महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर की पूजा-अर्चना

# महर्षि सांदीपनि की शिक्षा से श्रीकृष्ण को जगद्गुरु की मिली उपाधिः सीएम



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरू महर्षि सांदीपनि द्वारा प्रदान की गई विद्या से ही भगवान श्रीकृष्ण को विश्व-गुरू की उपाधि मिली। उन्होंने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन के महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि के दर्शन किए और पूजन-अर्चन कर आरती की। पंडित राजेश जोशी ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अति प्राचीन श्री कुंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन भी किए। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, राजपाल सिंह सिसोदिया सहित अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

### सांदीपनि आश्रम का अतीत गौरवशाली और अद्वितीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांदीपनि आश्रम आकर दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं। महर्षि सांदीपनि आश्रम का अतीत अत्यंत गौरवशाली और अद्वितीय रहा है। आज से लगभग 5000 वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण, सुदामा और बलराम ने यहां आकर महर्षि सांदीपनि से विद्या ग्रहण की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु महर्षि सांदीपनि व्यास से बहुत कम दिनों में 14 विद्या और 64 कलाओं का अध्ययन किया था। एक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास कैसे हो सकता है, इसका इतिहास इसी सांदीपनि आश्रम में रचा गया था। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपनी ओर से सभी को गुरु पूर्णिमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### भगवान श्री काल भैरव का किया पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन में भगवान श्री काल भैरव मंदिर पहुंचकर दर्शन और पूजन-अर्चन किया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने भगवान श्री महाकाल की नगरी से देश और प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा पर्व की मंगलकामनाएं भी दी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने शिक्षकों को किया सम्मानित



*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरू पूर्णिमा पर बैतूल में गुरूजन सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. केके चौबे, डॉ. जयराम कोरी, सेवानिवृत शिक्षक रामरतन जयसिंहपुरे एवं एनके पटेल के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस अवसर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आदित्य शुक्ला उपस्थित रहे।*

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरु पूर्णिमा पर लिया गुरू से आशीर्वाद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को गुरू पूर्णिमा पर बैतूल में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. कांत दीक्षित के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया एवं आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात खंजनपुर स्थित श्री धूनी वाले दादाजी की पावन कुटी में पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया क्षिप्रा नदी पर निर्माणाधीन घाटों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में सिंहस्थ के लिए बनाए जा रहे घाटों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। डॉ. यादव ने माता क्षिप्रा को प्रणाम करने के बाद नौका विहार कर सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे 29 किमी से अधिक लंबे घाट निर्माण कार्यों का जायजा लिया।



### सुविधापूर्वक स्नान कर सकेंगे भक्त

इन घाटों के निर्माण के बाद सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालु सुविधापूर्वक स्नान कर सकेंगे। जल मार्ग शुरू होने से भी श्रद्धालु जल, वायु और सड़क तीनों मार्ग से आसानी से मंदिरों तक पहुंच कर दर्शन कर सकेंगे।

ट्रैफिक में रेड लाइट पर वाहन में रुक कर सामान्य लोगों की तरह किया इंतजार, ग्रीन लाइट होने पर आगे बढ़े

# मुख्यमंत्री ने खरीदे फल विक्रेताओं से किया संवाद

## सीएम डॉ. मोहन ने फलों के लिए किया ई-पेमेंट, लोगों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार की रात टीटी नगर पहुंचकर फल खरीदे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई- पेमेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ठेले वालों से उनके व्यवसाय के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शहर के नागरिकों से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सादे ढंग से सिर्फ दो वाहनों में बाजार पहुंचे और 15 मिनट रुक कर फल खरीद कर अपने निवास लौट गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रैफिक रेड लाइट पर रुक कर सामान्य नागरिकों की तरह वाहन चालक को निर्धारित समय रोककर फिर ग्रीन लाइट होने पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।



## महिला-बाल विकास विभाग ने बंधकों को कराया मुक्त

# फैक्ट्री में क्रूरता, यूपी-बिहार-झारखंड के 97 मजदूरों का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महिला-बाल विकास विभाग ने रायपुर के खरोरा इलाके में एक मशरूम फैक्ट्री से 97 मजदूरों को फैक्ट्री मालिक के चंगुल से छुड़ाया है। ये मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के रहने वाले हैं। इनमें महिलाएं, पुरुष और 10 दिन तक के बच्चे भी शामिल हैं। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। अधिकारियों के मुताबिक रेस्क्यू किए गए लोगों में यूपी के भदोही जिले से 30, जौनपुर जिले से 38 और बनारस से 5 लोग हैं। बाकी बिहार और झारखंड के रहने वाले हैं। एक महिला ने बताया कि उसे उत्तरप्रदेश जौनपुर से काम के बहाने रायपुर लाया गया था, लेकिन यहां पर मजदूरी के पैसे नहीं दिए गए और बंधक बनाकर रखा गया। विरोध करने पर मारपीट की गई। खाना मांगने पर बच्चों को पाइप से पीटा गया। फैक्ट्री मालिक ने एक मजदूर के पैर की उंगली पर ब्लेड चला दिया।



### पैकिंग के काम के बहाने लाया था ठेकेदार

*मजदूर वीरेंदर ने बताया कि करीब 5 महीने पहले भोला नाम के ठेकेदार उन्हें जौनपुर उत्तरप्रदेश से लेकर आया। कहा गया कि बैठे-बैठे मशरूम पैकिंग का काम करना है। 10 हजार रुपए महीने के मिलेंगे। जब वह इस फैक्ट्री में पहुंचे तो उन्हें मशरूम काटने और बोझा ढोने का काम करवाया गया। उन्हें 16 से 18 घंटे काम करवाया गया। बीच में अगर मजदूर सोने चले जाते तो उन्हें ठेकेदार मारपीट कर नींद से उठाता था। मजदूरों को कमरे में बंद करके रखा जाता था। जिससे भाग न पाए। मजदूरों ने बताया कि उन्हें शाम 4 बजे भोजन दिया जाता था। खाने में चावल और दाल होता था। लेकिन वह कच्चा होता था। उसे ठीक से पकाया नहीं जाता था। जब मजदूर विरोध करते तो उन्हें डरा धमकाकर चुप करा दिया जाता था। उन्हें बाहर निकल कर कोई भी चीज खाने की इजाजत नहीं थी। फैक्ट्री का दरवाजा हमेशा बंद रहता था। मजदूर जब लंबे समय तक प्रताड़ित हो गए। तब इनमें से कुछ लोग चुपचाप रात को निकलकर भागे और बाहरी लोगों से मदद मांगी।*

# देश के 35+ PVR-Inox में गूंजा आत्मबोध का संदेश

**नई दिल्ली।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशभर के 35+ PVR-Inox सिनेमाघरों में एक अनूठे और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध दार्शनिक और लेखक आचार्य प्रशांत ने हज़ारों साधकों को गुरु पूर्णिमा के वास्तविक अर्थ से अवगत करवाया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक या पारंपरिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि आत्मबोध और सत्य की खोज में जुटे लोगों के लिए एक गहन बौद्धिक और आध्यात्मिक संवाद का अवसर बना। इस विशेष सत्र को देश के प्रमुख शहरों दिल्ली NCR, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, कोलकाता, जयपुर, भोपाल सहित



- **आचार्य प्रशांत ने बताया गुरु पूर्णिमा का वास्तविक अर्थ हज़ारों साधकों ने लिया आध्यात्मिक मार्गदर्शन, गुरू को समझने का मिला नया दृष्टिकोण**

अन्य 35 शहरों के PVR–Inox मल्टीप्लेक्स में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से एक साथ प्रस्तुत किया गया। हर शहर में बड़ी संख्या में साधकों, युवाओं और जिज्ञासुओं ने भाग लिया।गुरु केवल व्यक्ति नहीं, प्रकाश की प्रक्रिया है:आचार्य प्रशांत ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि गुरु का अर्थ केवल एक शारीरिक उपस्थिति नहीं है, बल्कि वह चेतना है जो हमें अंधकार (गु) से प्रकाश (रु) की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा, "गुरु वह है जो आपके भ्रमों को तोड़ता है, न कि उन्हें सहलाता है। गुरु वह है जो आपको आपके ही बनाए झूठे संसार से बाहर खींचता है।" उन्होंने यह भी समझाया कि गुरु पूर्णिमा का अर्थ केवल पूजा या वंदना नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि और विवेकपूर्ण जीवन जीने के संकल्प का दिन होना चाहिए।

## ईओडब्ल्यू में रिक्त पदों को भरने के लिए डीजी ने लिखा पत्र

**भोपाल।** ईओडब्ल्यू के स्पेशल डीजी उपेंद्र जैन ने पुलिस कमिश्नर भोपाल इंदौर सहित प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों के लिए एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में उल्लेख है कि ईओडब्ल्यू में काफी समय से निरीक्षक, कार्यवाहक निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद रिक्त हैं। जांच एजेंसी में काम करने के लिए इच्छुक अफसर कर्मचारियों के नाम सहमति के साथ सप्ताह भर के अंदर ईओडब्ल्यू मुख्यालय भेजें।

## माओवादियों के कुतुल एरिया कमेटी को बड़ा झटका

# अबूझमाड़ में 22 इनामी नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नक्सलियों की सुरक्षित पनाहगाह माने जाने वाले अबूझमाड़ में अब माओवादियों के किले को सेंध लग रही है। सुरक्षाबलों के नक्सल ऑपरेशन का असर अब नक्सलियों की एरिया कमेटियों पर पड़ रहा है। पहली बार अबूझमाड़ में नक्सलियों की कुतुल एरिया कमेटी को बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को कुल 22 इनामी नक्सलियों ने नारायणपुर एसपी रॉबिनसन गुड़िया के सामने सरेंडर किया है। इस पर पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया ने कहा है कि यह शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और पुलिस की जनसंपर्क रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

सरेंडर करने वाले नक्सलियों में कुल 37 लाख रुपए से ज्यादा के इनामी नक्सली है। कुल 14 पुरुष माओवादियों और 8 महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

इसमें सबसे प्रमुख कुतुल एरिया कमेटी का सचिव और उसकी पत्नी है। 8 लाख रुपए का इनामी कुतुल एरिया कमेटी सचिव सुखलाल कुंजाम और उसकी पत्नी हिड़मे कुंजाम ने हथियार डालकर लाल आतंक से तौबा किया है। हिड़मे कुंजाम पर 5 लाख रुपए का इनाम है।




### इन नक्सलियों ने किया सरेंडर

*जिन नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर किया है, उनके बारे में नारायणपुर एसपी रॉबिनसन गुड़िया ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकांश नक्सली कुतुल एरिया कमेटी के तहत कार्य करते थे। वे अबूझमाड़ में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। सुखलाल कुंजाम उर्फ मानकू के ऊपर 8 लाख का इनाम था। वह कुतुल एरिया कमेटी सचिव था. वह बीते पिछले 14 वर्षों से सक्रिय रहा है। इरकभट्टी कैंप पर ग्रेनेड हमला सहित कई घटनाओं में सुखलाल कुंजाम शामिल रहा है, जबकि उसकी पत्नी हिड़में कुंजाम के ऊपर कुल 5 लाख रुपए का इनाम था। वह नक्सलियों के माड़ डिवीजन की सप्लाई टीम एसीएम टीम की सदस्य थी।*

## राजधानी में डुप्लीकेट आधार से राशन कार्ड बनवाने वालों का आंकड़ा 18 हजार से अधिक

**रायपुर।** प्रदेश में राशन कार्ड सत्यापन के दौरान सामने आए आंकड़े चौंकाने वाले हैं। वन नेशन वन कार्ड के तहत कराए गए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन में पता चला है कि राजधानी में डुप्लीकेट आधार से राशन कार्ड बनवाने वालों का आंकड़ा 18 हजार से अधिक है। इसके बाद दुर्ग (8,809), सरगुजा (4,776), जशपुर (3,764), राजनांदगांव (3,551) और कोरबा (3,129) जैसे जिले सूची में प्रमुख हैं। शहरी प्रवास, बस्तियों की अधिकता और तेजी से हो रहे पंजीयन प्रमुख कारण हो सकते हैं। बलरामपुर, कवर्धा और महासमुंद जैसे अपेक्षाकृत छोटे जिलों में भी आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बलरामपुर में 4,628 डुप्लीकेट आधार, कवर्धा में 8,701 निष्क्रिय आधार, जबकि महासमुंद में 75 से अधिक 100 वर्ष के सदस्य मिले हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी प्राप्त कर दिए निर्देश

भर्तियों के कार्य की सतत समीक्षा करें वरिष्ठ अधिकारी

# तेजी से पूरा किया जाए शासकीय विभागों के रिक्त पदों की भर्ती का कार्य: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विभिन्न शासकीय विभागों में रिक्त पदों को भरने का कार्य तेजी से पूर्ण किया जाए। रिक्त पदों पर सतत रूप से नियुक्तियों का कार्य होने से विभागों के नियमित कार्यों में भी गति आ रही है। साथ ही वर्षों पश्चात पदोन्नतियों की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने से भी बड़ी संख्या में पदों पर नियुक्ति का कार्य आसान हो रहा है।

वरिष्ठ अधिकारी नवीन शासकीय भर्तियों के कार्य की सतत समीक्षा करें। डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में हुई एक बैठक में विभिन्न शासकीय विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए।



### शासकीय भर्तियों की प्रगति की जानकारी दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभागों में नियुक्तियों के कार्य की निरंतर समीक्षा भी की जाए। मुख्य सचिव स्तर और अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विभागों को समय सीमा में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इस क्रम में विभागों से पालन प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए। इस कार्य को आवश्यक समन्वय और सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग संजय कुमार शुक्ल ने लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल और अन्य स्तर से नवीन शासकीय भर्तियों की प्रगति से अवगत करवाया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, सचिव मुख्यमंत्री सिबि चक्रवर्ती, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

चिंतन

# गुजरात में पुल ढहने के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

नदी पर पुल टूटने की घटनाएं बिहार के बाद अब गुजरात में हो रही हैं। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 19 हो गई। लापता दो लोगों की तलाश अब भी जारी है। गत बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। पर यह काफी नहीं है, पुल ढहने के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गुजरात के सड़क एवं भवन विभाग की एक उच्च स्तरीय जांच समिति 30 दिनों में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। गुजरात में यह कोई पहला पुल हादसा नहीं है, बल्कि मोरबी से लेकर मुमतपुरा तक पिछले पांच साल में 12 से भी ज्यादा पुल टूटे या क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन हादसों में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, बावजूद इसके पुल हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गंभीरा पुल को लेकर भी पहले से चेतावनी जारी की गई थी, आखिरकार ब्रिज हादसे का शिकार हो गया। गुजरात में 24 जनवरी 2020 मेहसाणा में खारी नदी पर बना ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ था। 21 दिसंबर 2021 अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक हिस्सा टूट गया था। 30 अक्टूबर 2022 मोरबी में मच्छू नदी पर बना ब्रिज टूटा था और इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी। गुजरात सरकार ने राज्य में जिन 7,000 पुलों का सर्वेक्षण किया गया है, उनमें से सरकार ने उन पुलों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण की आवश्यकता है। बिहार में एक वर्ष में करीब 12 पुल गिर गए थे। उनमें से एक पुल तो लोकार्पण के दिन ही गिर गया था। यह कदाचार का बड़ा नमूना था। देश में केएमपी समेत कई राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जो निर्माण के दस वर्ष के अंदर ही जर्जर हो गए हैं। भारत में पुल सड़क समेत अनेक निर्माण कार्य ठेके पर होते हैं, जिनमें टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण तक गहरे भ्रष्टाचार हैं। आला अफसरों, इंजीनियरों व ठेकेदारों के बीच एक नेक्सस है, सरकार भी इस तथ्य से अवगत है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गठकरी रोडमैन के नाम से देश में ख्यात हैं, महाराष्ट्र सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक मंत्री रहते हुए उनके नाम सड़कों का जाल बिछाने का रिकार्ड है, ऐसे में उनके समेत राज्यों के परिवहन मंत्रालयों का दायित्व है कि कोई भी निर्माण घटिया सामग्री से न हो। हादसे में जब बेकसूर लोगों की जान जाती है, तो उस क्षति की पूर्ति नहीं की जाती है। हाल के वर्षों में सड़क निर्माण में ओवर बजटिंग के बावजूद सड़क निर्माण उस स्तर का नहीं हो रहा है। देश की अधिकांश सड़कें यातायात के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, इसका तात्पर्य है सड़क निर्माण के दौरान हम सुरक्षित यातायात से संबंधित इंजीनियरिंग मानकों का ध्यान नहीं रख रहे हैं। सड़क व पुल निर्माण ही महत्वपूर्ण नहीं है, इसके रखरखाव, मरम्मत भी महत्वपूर्ण है। देखा गया है कि ऑथोरिटी और सरकार रखरखाव व मरम्मत के प्रति उदासीन रहते हैं, कई बार बजट ही नहीं होते हैं। केंद्र सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। केवल नए निर्माण पर जोर देने के बजाय, जो पहले से हैं, उनके रखरखाव व मरम्मत पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। बहरहाल गुजरात पुल हादसे से सबक लेकर देश के पुराने पुलों व सड़कों का क्वालिटी ऑडिट होना चाहिए।



शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

# समाज परिवर्तन के लिए सक्रिय संघ

सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता, परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजधानी दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक वैसे तो राजनीतिक दलों एवं मीडिया के लिए किसी हलचल मचाने वाले समाचार का कारण नहीं बना, पर इसके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। संघ ने संगठन की दृष्टि से पूरे देश को 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांतों में बांटा है। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह एवं सहसर्यकार्यवाह सहित केंद्रीय पदाधिकारियों , सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक के साथ 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री शामिल हों तो इसका महत्व समझ में अपने -आप आ जाता है। यानी संघ और इससे जुड़े संगठनों का संपूर्ण संघ प्रतिनिधि नेतृत्व की वहां उपस्थिति केवल मिलने जुलने के लिए तो नहीं हो सकती। संघ का गहराई से अध्ययन करने वाले या निकट से उसकी गतिविधियों पर निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि बैठकों के सभी सत्रों के विषय एवं प्रारुप निर्धारित होते हैं। विरोधियों के तीखे तेवरों के विपरीत बैठक हमेशा शांत संतुलित व्यवस्थित माहौल में संपन्न होता है। इसमें सामान्य दलीय राजनीति पर विचार के लिए गुंजाइश नहीं होती है। जितनी जानकारी है भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बाहर की उत्कंठा के विपरीत यह चर्चा में भी नहीं आया। संघ के वर्ष में कुछ निश्चित आयोजन हैं जिनमें प्रांत प्रचारक बैठक भी शामिल है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक तथा अप्रैल से जून तक प्रशिक्षण वर्गों के संपन्न होने के बाद यह बैठक आयोजित होती है। इसलिए इसमें देश भर के पूरे वृतांत व भविष्य के संगठन की योजनाओं पर फोकस रहता है।

वैसे भी संघ का मुख्य फोकस संगठन, समाज जागरण तथा समाज परिवर्तन है तो इसका फोकस वही रहेगा। जैसा हम जानते हैं इस वर्ष विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर से संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले काफी समय से आगामी 2 अक्टूबर से लेकर 2 अक्टूबर 2026 तक इसके आयोजनों और कार्यक्रमों को लेकर गंभीर चर्चा हमारे सामने आते रहे हैं। स्वाभाविक ही इस समय की अधिकतर बैठकों का केंद्र बिंदु शताब्दी वर्ष ही होगा। जितनी जानकारी है संघ अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह शताब्दी वर्ष पर कोई एक बड़ा आयोजन करने की जगह इसका उपयोग संगठन विस्तार , हिंदुत्व केंद्रित विचार को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने तथा समाज परिवर्तन की दृष्टि से कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए कर रहा है। योजना अनुसार नागपुर में 2 अक्टूबर को वार्षिक विजयादशमी उत्सव में सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत की हर वर्ष की तरह उपस्थिति एवं संबोधन के साथ उसी दिन देशभर में शाखा/मंडल/बस्ती के स्तर पर उत्सव आयोजित होंगे। विशेष अभियानों के तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। गृह संपर्क अभियान के दौरान स्वयंसेवक संघ साहित्य देकर बातचीत करेंगे। सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता,परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और



नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। इससे संबंधित अलग-अलग सामाजिक सद्भाव सम्मेलन युवाओं का परिवारों का तथा इसी दृष्टि से संवाद आदि के सतत कार्यक्रम हैं। स्वाभाविक ही प्रांत प्रचारक बैठक में कहां-कहां कितने और कौन से कार्यक्रम हो सकते हैं तथा उनमें अपेक्षित संख्या की कितनी संभावना होगी, व्यवस्था कैसे हो रही है आदि विषय विंदूवार चर्चा में आए। सभी प्रांत और क्षेत्र प्रचारक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी की दृष्टि से बैठकें, एकत्रीकरण आरंभ कर देंगे।

इनकी गहराई से समीक्षा करें तो साफ हो जाएगा कि समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है। जाति भेद से परे हटकर सामाजिक समरसता के अंतर्गत समाज में सद्भाव बढ़े, परिवारों की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बने, हममें स्व-बोध यानी अपने राष्ट्र की महान विरासत, महान सभ्यता -संस्कृति -धर्म -अध्यात्म, फोटो में व्याप्त समाज संगठन उपलब्धियां आदि के प्रति गौरव व्याप्त हो, कुटुंब यानी परिवार के सभी सदस्यों- संबंधियों में आत्मीयता व संस्कारों की वृद्धि हो तथा लोग नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो जाएं तो धीरे-धीरे संपूर्ण समाज और देश की स्थिति कितनी सकारात्मक, सहकारी और सशक्त होगी इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। पहले से इन विषयों पर चर्चाएं हो रही हैं, उनके साहित्य आदि प्रकाशित हैं, बैठकों में भी इन पर मंथन हो रहा है और प्रांत प्रचारक बैठक में संगठन के स्तर पर इसे आगे बढ़ाने की योजना तय हो गई है इसलिए कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। विश्व में ऐसा कोई संगठन नहीं होगा जो जितना तय करें सब कुछ उसी के अनुरूप हो जाए और त्वरित लक्ष्यों की प्राप्ति भी। इसलिए यह नहीं कह सकते कि सब कुछ कल्पना के अनुरूप भी हो जाएगा और सारे लक्ष्य भी प्राप्त हो जाएंगे किंतु उस दिशा में कुछ हद तक सफलता मिलेगी यह निश्चित है। जितनी संख्या में व्यक्तियों के अंदर पांच परिवर्तन के लिए भाव जाएंगे वह अपने स्तर पर कुछ ना कुछ करेंगे और समाज के स्तर पर जगह-जगह इन सबके सुखद परिणाम आते रहेंगे। वास्तव में संघ शताब्दी वर्ष की योजना ऐसा नहीं है जिन पर एक वर्ष तक काम किया और फिर।। यह सतत आगे बढ़ते रहने के कार्यक्रम हैं। फिर जिन लोगों से सब ज्ञान के दौरान संपर्क होगा उनके आगे शाखों प्रशिक्षकों आदि की दृष्टि से भी उपयोग की योजनाएं हैं। यानी जो जुड़ें वह छूट नहीं इसकी कोशिश भी होगी। त्वरित परिवर्तन तात्कालिक आंदोलनों से होती है किंतु स्थायी सतत परिवर्तन और प्राप्तियों के लिए अनवरत ऐसे ही समाज के अंदर स्वतः अभियान संचालित होते रहना आवश्यक होता है। संघ की यही कार्य शैली दिखती है।

बैठक है तो इस बीच देश और दुनिया की घटनाएं भी चर्चा में अवश्य आएंगी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं, और संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। भाषा संबंधी संघ की सोच अनेक बार सार्वजनिक रूप से रखी जा चुकी है फिर भी विरोधी यही कहते हैं कि संघ केवल हिंदी की ही बात करता है। अब शायद आलोचक बाज आएं। पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान के स्थानीय अनुभवों तथा लोगों की प्रतिक्रियाओं की इससे ज्यादा अधिकृत जानकारी किसी संगठन को नहीं प्राप्त हो सकती। इस फीडबैक से भविष्य में ऐसी चुनौतियों से निपटने को लेकर समाज व संगठन के साथ सरकार के लिए भी कुछ दिशा मिलेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

वोटर लिस्ट पुनरीक्षण
राजेश माहेश्वरी



# सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को आईना दिखाया

बिहार में वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा है: अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह बताए कि यह प्रक्रिया पहले क्यों नहीं की गई, जिससे उसे राज्य के लगभग 8 करोड़ मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता। यदि कोई मतदाता पीछे न छूट जाए तो इस कार्य के लिए दस्तावेजीकरण तार्किक और त्रुटिरहित होना चाहिए। विपक्षी दलों के कई नेताओं सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि व्यापक सुधारों के नाम पर कागजी धोखाधड़ी के कारण कई पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। यह मूलभूत चिंता है जिसका निर्वाचन आयोग को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना होगा।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान ने मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का कार्य सौंपा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस कथन के लिए कोई बहाना नहीं मिल सकता कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए मतदाताओं को अद्यतन किया जाना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि सूचियां साफ-सुथरी हों, लेकिन इस उद्देश्य के लिए चुनाव आयोग द्वारा अपनाए गए तरीकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

इस मामले में कांग्रेस का दोहरापन एक बार फिर सामने आया है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में आधार को शामिल करने की कांग्रेस की मांग एक बार फिर राजनीतिक छलावे और अवसरवाद का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। कुछ ही समय पहले, 2021 में कांग्रेस ने जोर-शोर से कहा था कि आधार केवल निवास प्रमाण है, नागरिकता का प्रमाण नहीं। उन्होंने आधार को वोटर आईडी से जोड़ना अवैध और अलोकतांत्रिक करार दिया था। कांग्रेस ने यह भी चेतावनी दी थी कि इससे गैर-नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिल सकता है, जो लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। साथ ही निजता के अधिकार का उल्लंघन होने की चिंता भी जताई थी। लेकिन अब, 2025 आते-आते कांग्रेस वही मांग कर रही है, जिसे उसने पहले खारिज किया था। पार्टी चुनाव आयोग से आधार को विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में शामिल करने की जोरदार मांग कर रही है। यह साफ दिखाता है कि कांग्रेस की विचारधारा और नीतियां स्थिर नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए रोजाना बदलती रहती हैं। 2021 में जो आधार लिंकिंग को संविधान विरोधी बताती थी, वही आज इसे चुनाव सुधार का जरिया बता रही है। कांग्रेस का यह रवैया राजनीतिक अवसरवाद इस बात का प्रमाण है कि पार्टी नीति नहीं, केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम करती है। जब विरोध करना फायदेमंद था, तब आधार को अवैध बताया, और जब समर्थन से लाभ दिखा, तब उसी आधार को चुनाव सुधार का हथियार बना डाला। सोशल मीडिया पर कांग्रेस की इस दोहरी नीति को लेकर तीखी आलोचना हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। फिलहाल पुनरीक्षण में 15 दिन का समय शेष है। विपक्ष ने तेलंगाना में 22 फीसदी मतदाताओं और कर्नाटक में 18 फीसदी मतदाताओं के नाम काटने पर खूब हंगामा मचाया था। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकारें किस तरह बन गईं? जम्मू-कश्मीर में भी पुनरीक्षण के बाद चुनाव हुए थे। वहां भी विपक्ष का एनसी-कांग्रेस गठबंधन जीता और अब उनकी सरकार है। 2026 में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल आदि राज्यों में भी चुनाव से पहले 'विशेष गहन पुनरीक्षण' जरूर किया जाएगा। यह घोषणा चुनाव आयोग कर चुका है। इससे पहले 2003 में पुनरीक्षण का काम किया गया था। बहरहाल 'आधार कार्ड' को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान निराधार क्यों किया गया, यह सवाल बराबर उठना चाहिए। व्यक्ति की दैहिक पहचान का सबसे मौलिक दस्तावेज यही है। हम इस मुद्दे को उठा चुके हैं।

(लेखक यूपी राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आपदा में भविष्यवक्ता क्यों हो जाते हैं विफल

वो जो कहते हैं, 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क है', उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश या भूकंप आता है। क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी क्योशन बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं- न कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं।

- किशन महोबिया, दुर्ग

## करंट अफेयर

### जापानी लड़ाकू विमानों के करीब चीन न उड़ाए विमान


जापान ने चीन से कहा है कि वह अपने लड़ाकू विमानों को जापानी टोही विमानों के करीब उड़ाना बंद करे। जापान के अनुसार चीन लगातार ऐसा कर रहा है और इससे टकराव हो सकता है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार और बृहस्पतिवार को चीनी 'जेएच-7' लड़ाकू-बमवर्षक विमान ने जापान 'एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स' के 'वाईएस-11ईबी' 'इलेक्ट्रॉनिक-इंटेलिजेंस विमान' के पास से उड़ान भरी। मंत्रालय ने कहा कि यह घटना पूर्वी चीन सागर के ऊपर हुई, हालांकि यह जापानी हवाई क्षेत्र नहीं था और इससे जापानी पक्ष को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। चीन ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले, चीन ने आरोप लगाया था कि जापानी विमान उसके विमान के करीब से उड़ान भर रहे हैं और चीन की सैन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं तथा उसने जापान से इन गतिविधियों को बंद करने को कहा था। जापान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि उप मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी ने जापान में मौजूद चीनी राजदूत वू जियांगहाओ के समक्ष ''गंभीर चिंता'' व्यक्त की और चीन से ऐसी गतिविधि को रोकने का कहा। बयान के अनुसार जापान ने कहा कि चीन की इस तरह की कार्रवाई 'टकराव भड़का सकती है', साथ ही चीन से यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऐसी कार्रवाइयां दोबारा नहीं हों।



## ऑफ बीट

### मौसम के बदलाव से भी होता है माइग्रेन का दर्द

अगर आप अमेरिका में माइग्रेन से पीड़ित 3 .9 करोड़ अमेरिकियों में से एक हैं, तो मौसम बदलने पर तेज़ सिरदर्द शुरू होने की पूरी संभावना है। आप अकेले नहीं हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि माइग्रेन से पीड़ित 30 से 50 प्रतिशत लोग किसी न किसी तरह के मौसम परिवर्तन को माइग्रेन का कारण मानते हैं, जिससे यह माइग्रेन की सबसे आम वजह बन जाती है। कोलोराडो में मौसम में लगातार बदलाव होते रहते हैं। कोलोराडो के एक न्यूरोलॉजिस्ट और सिरदर्द विशेषज्ञ के रूप में मरीज अक्सर मुझे बताते हैं कि मौसम उनके माइग्रेन शुरू होने की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। इसके परिणाम कामकाज, पढ़ाई और सामाजिक योजनाओं को बाधित कर सकते हैं और असहायता की भावना पैदा कर सकते हैं। चिकित्सक अब भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि मस्तिष्क पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील क्यों होते हैं। हम यह जानते हैं कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों का तंत्रिका तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होता है, और कुछ पर्यावरणीय परिवर्तन, जैसे वायुदाब, तापमान, आर्द्रता और वायु गुणवत्ता में बदलाव मस्तिष्क में उन कारकों को सक्रिय कर सकते हैं जो दर्द का कारण बनते हैं।



## ट्रेंड

### अधिकारों के लिए लड़ें



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है। देश के दलितों, आदिवासियों और युवाओं को भाजपा शासन में अपने अधिकारों के लिए लड़ना सीखना होगा।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### थरूर स्पष्ट रास्ता चुनें



अगर शशि थरूर कांग्रेस के भीतर लाचार महसूस करते हैं तो उन्हें स्पष्ट राजनीतिक रास्ता चुनना चाहिए। उनके सामने दो रास्ते हैं। अगर किसी मुद्दे पर मतभेद हैं तो पार्टी के भीतर उन्हें व्यक्त करने की गुंजाइश है। नहीं तो उन्हें अपनी पसंद का राजनीतिक मार्ग चुनना चाहिए।

-के. मुरलीधरन, कांग्रेस नेता

### खुद को निखारने पर ध्यान



मेरा ध्यान बॉक्स ऑफिस पर सफलता से अधिक एक कलाकार के तौर पर खुद को निखारने पर है। जब दर्शक आपकी फिल्म पर एक खास तरह से प्रतिक्रिया देते हैं, तो इससे आपको एक विचार, एक नजरिया मिलता है, जो मददगार हो सकता है।

-मानुषी छिल्लर, अभिनेत्री

### श्री का किरदार चुनौतीपूर्ण



शांति का श्री श्री रविशंकर का तरीका, उन्होंने दुनिया को व्यापक पैमाने पर कैसे प्रभावित किया, उनके जीवन के उस अध्याय को बताना, उनका किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है। मैं बहुत घबराया हुआ हूं।

-विक्रांत मैसी, अभिनेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा


# रोहित वेमुला की आत्महत्या मामले में आरोपी रामचंदर को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त करने की कांग्रेस ने की कड़ी आलोचना

## तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू और एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने भाजपा पर हमला बोला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में आरोपी एन रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की कड़ी आलोचना की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और पार्टी के एससी विभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के उत्पीड़न में शामिल लोगों को संरक्षण देती है।

राजेन्द्र पाल गौतम ने अपराधियों को संरक्षण देने की भाजपा की नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2014 के बाद से भारत में एक नया माहौल बन रहा है, जहां उत्पीड़न करने वालों को भाजपा का समर्थन मिल रहा है। 2016 में हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सात महीने तक उसका वजीफा रोका गया, जो पहले से कर्ज का बोझ झेल रहे रोहित के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें और उनके साथियों को बहुत प्रताड़ित किया। उन्होंने बताया कि एबीवीपी नेता एम सुशील कुमार ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय, तत्कालीन



शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा एमएलसी रामचंद्र राव ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाकर रोहित व उनके साथियों को दंड दिलवाया। परिणामस्वरूप रोहित को हॉस्टल से निकाला गया और ऐसी परिस्थितियां बनाई गईं कि उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा।

गौतम ने आगे बताया कि भाजपा सरकार ने रोहित की आत्महत्या के आरोपियों को पुरस्कृत करते हुए दत्तात्रेय को हरियाणा का राज्यपाल, सुशील कुमार को दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर और अब रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा का अध्यक्ष बना दिया गया। उन्होंने एम्स और सफदरजंग अस्पताल में दलित और आदिवासी छात्रों के साथ किए गए अन्याय का भी उल्लेख किया, जहां उन्हें अनुचित तरीके से फेल किया गया था। गौतम ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रोहित वेमुला की आत्महत्या के मुद्दे को संसद में उठाया था। कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन में रोहित वेमुला एक्ट लाने का प्रस्ताव पास किया, जिसे तेलंगाना और कर्नाटक की कांग्रेस सरकारें लागू करने की दिशा में काम कर रही हैं। यह एक्ट एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों में सुरक्षित माहौल, काउंसलिंग और शिकायत निवारण तंत्र सुनिश्चित करेगा।

वहीं तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि रोहित वेमुला ने दलितों के आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन एबीवीपी ने उनके खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाया और विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाया। वेमुला ने अपनी आत्महत्या के नोट में इसे संस्थागत हत्या बताया था और इससे पहले डीन व कुलपति को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था कि कमजोर वर्गों के छात्रों की स्थिति ऐसी है कि दाखिला देने के बजाय जहर या रस्सी दे दी जाए, ताकि वे मर सकें। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार के सीधे नियंत्रण में आने वाले एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के हालात को दर्शाता है।

विक्रमार्क ने भाजपा को संविधान विरोधी बताया और कहा कि भाजपा उन लोगों को पुरस्कृत कर रही है जो दलितों और आदिवासियों के खिलाफ हैं, यह देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने मांग की कि भाजपा रामचंदर राव की नियुक्ति पर पुनर्विचार करे और देश से माफ़ी मांगे।

## महाराष्ट्र में विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक को मिली मंजूरी

# चरमपंथी समूहों पर पूरी तरह से लगाएंगे नकेल, अवैध संगठन किए जाएंगे 'बैन'

ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में समर्थन किया

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने संबंधी विधेयक को विधानमंडल के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सक्रिय ऐसे समूहों पर नकेल कसने के लिए यह आवश्यक था।उनके अनुसार ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया। दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में तो इस विधेयक का समर्थन किया, लेकिन सदन से बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक सुरक्षा नहीं भाजपा सुरक्षा विधेयक है। फडणवीस ने शुक्रवार को इस कानून के दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए बताया कि कम से कम छह ऐसे संगठन हैं जो अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन महाराष्ट्र में अभी भी सक्रिय हैं। उनके अनुसार इन संगठनों से निपटने के लिए 'विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक' में पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

### अभी भी 6 प्रतिबंधित संगठन कर रहे काम

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसे बताया अति आवश्यक

अब पर्याप्त कानूनी सुरक्षा होगी



### शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर लगेगा अंकुश

गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ने विशेष विधेयक की आवश्यकता पर बल दिया, जो शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर अंकुश लगाने पर केंद्रित है, और उन्होंने उग्रवादी संगठनों से निपटने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कड़े कानूनों की सीमाओं के बारे में भी बताया।

### महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत

महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से 6 को पहले से ही इसी तरह के कानूनों के तहत अन्य राज्यों में प्रतिबंधित किया गया है। यह विधेयक सरकार को उन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देगा जो डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार संवैधानिक ढांचे को चुनौती दे रहे हैं।

### अब इन पर होगी कानूनी कार्रवाई

फडणवीस ने कहा कि मुझे खुशी है कि किसी ने भी विधेयक का सीधे तौर पर विरोध नहीं किया। कई सुझाव आए और उनमें से कई को शामिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में बोलते हुए कहा था कि यह विधेयक कुछ ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है जो खुद को संवैधानिक और लोकतांत्रिक बताने के बावजूद संविधान को अस्वीकार करना चाहते हैं। केंद्र ने नक्सल गतिविधियों से प्रभावित सभी राज्यों से ऐसा कानून पारित करने को कहा है।

## धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बनेगा, अवैध गिरजाघरों पर चलेगा बुलडोजर

मंत्री बावनकुले का बड़ा ऐलान



महाराष्ट्र में भाजपा अब धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाएगी। भाजपा महाराष्ट्र के पूर्व अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखकर बावनकुले ने विधानसभा में बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए राज्य सरकार सख्त कानून बनाएगी। विधायक अनुपभैया अग्रवाल, अतुल भातखलकर सहित अन्य विधायकों ने राज्य में धर्मांतरण रोकने से संबंधित प्रश्न पूछा। उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाया जाएगा।

### अनधिकृत ढांचे गिराए जाएंगे

बावनकुले ने कहा कि कहा कि कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण-रोधी कानून कैसे लाया जाए। उन्होंने सदन में कहा कि धुले-नंदुरबार के संभागीय आयुक्त को क्षेत्र में अनधिकृत गिरजाघरों की जांच करने और उन्हें छह महीने में ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। इस पर बीजेपी के विधायक अतुल भातखलकर ने पूछा कि जब पहले से ही पता है कि गैरकानूनी है तो छह महीने का समय क्यों दिया जा रहा है ? तत्काल अनधिकृत धार्मिक ढांचों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। अब राज्य में अवैद गतिविधियां नहीं चल सकेंगी।

### आदिवासी बेल्ट में धर्मांतरण

बावनकुले ने कहा कि कार्रवाई करने से पहले शिकायतों की जांच आवश्यक है। भाजपा के ही विधायक संजय कुटे ने कहा कि धर्मांतरण केवल नंदुरबार में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के आदिवासी इलाकों में हो रहा है। अग्रवाल ने दावा किया कि नवापुर (धुले जिला) में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लालच दिया जा रहा है। महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्य गुजरात ने दिवंगत सीएम विजय रूपाणी के कार्यकाल में धर्मांतरण रोधी कानून बनाया था।

## चौहान की अध्यक्षता में कोयम्बटूर में कपास पर अहम बैठक

# उच्च गुणवत्ता की कपास उत्पादन के लिए एकजुट होकर प्रयास करेंगे: शिवराज सिंह

"केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सहित हरियाणा, महाराष्ट्र के साथ विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री शामिल रहे"



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को तमिलनाडु, कोयम्बटूर के आईसीएआर- गन्ना प्रजनन संस्थान में कपास उत्पादकता बढ़ाने को लेकर अहम बैठक की गई। इस बैठक में भारत में कपास का इतिहास, परिदृश्य, चुनौतियां, उत्पादकता बढ़ाने के लिए आगामी रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर, आईसीएआर के महानिदेशक एम. एल. जाट, अधिकारीगण, हितधारक, वैज्ञानिक और किसान उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने खेतों में जाकर कपास उत्पादक किसानों से बातचीत की और हितधारकों से परामर्श करते हुए उनकी समस्याओं एवं चुनौतियों के बारे में भी जाना। इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री के संबोधन के साथ बैठक की शुरुआत हुई।

चौहान ने कहा कि कपास उत्पादन में कुछ समस्याएं सामने आ रही हैं। अन्य राष्ट्रों के मुकाबले देश में उत्पादन कम हो रहा है। कपास उत्पादन के लिए विकसित बीटी कॉटन किस्म में वायरस अटैक के कारण कई तरह की समस्या पैदा हो गई हैं। उत्पादन बढ़ने की बजाय घट रहा है। जिसके लिए हमें काम करना होगा। दुनिया के बाकी देशों के समान भारत में भी कपास उत्पादन बढ़ाने को लेकर हरसंभव कदम उठाने होंगे। आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर लक्ष्यबद्ध होकर आगे बढ़ना होगा। वायरस प्रतिरोधी उन्नत बीज बनाने होंगे। निश्चित समय सीमा में किसानों तक इन उन्नत किस्म के बीज की पहुंच सुनिश्चित भी करनी होगी।

### कॉटन पैदा करने के काम कर रहे

बैठक के समापन के बाद चौहान ने मीडिया से भी बात की और कहा कि विश्वस्तरीय कॉटन पैदा करने की दिशा में काम किया जाएगा। उद्योग जगत को जिस प्रकार के लॉन्ग स्टेपल गुणवत्तापूर्ण कॉटन की जरूरत है, हमारी कोशिश होगी कि उसी स्तर के कॉटन का उत्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए टीम कॉटन का गठन किया जाएगा जिसमें कपड़ा मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और आईसीएआर (जो कृषि मंत्रालय के अधीन है), केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधि, कृषि विवि के वाइस चांसलर, प्रगतिशील किसान शामिल होंगे। साथ ही साथ कॉटन इंडस्ट्री से जुड़े लोग, बीज/सीड इंडस्ट्री से जुड़े लोग, मशीनीकरण के काम में लगे लोग,चाहे वो मैकेनाइजेशन आईसीएआर का डिवीजन हो या प्राइवेट सेक्टर में लोग काम कर रहे हों, सभी मिलकर तय लक्ष्य को पूरा करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-35 | कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र सहायक मंडल अभियंता शामली के अधीन SSE/P.Way/SMQL के सेक्शन में HIND और NNX पर द्वितीय लूप लाइन का प्रस्ताव। और 2. सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन SSE/P.Way/GZB-I और II के सेक्शन में कूड़ा बीनने के कार्य का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):-20489515.48 बयाना राशि (रुपये) :– 252500.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.08.2025 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128–W/280/e Tender Notice/ NIT-35-25-26-W-II दिनांक : 10.07.2025 2103/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# खरगे बोले- कांग्रेस शासन में 160 पीएसयू बने, भाजपानीत सरकार में 23 बिके

## खरगे और राहुल ने भुवनेश्वर में संविधान बचाओ समावेश को संबोधित किया, केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा के भुवनेश्वर में संविधान बचाओ समावेश को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के लोगों की मेहनत की कमाई का पैसा अपने अरबपति मित्रों को सौंप रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा पहले मुख्यमंत्री चुनती है, फिर अडानी-अंबानी जैसे लोग देखना शुरू करते हैं कि कौन सी जमीन अच्छी है, कहां खनन करना है।

खरगे ने कहा कि जब केंद्र और राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब ओडिशा में पारादीप पोर्ट, राउरकेला स्टील प्लांट, हीराकुंड बांध, नालको, एनटीपीसी, चिल्का नेवल अकादमी, मंचेश्वर में रेल कोच फैक्ट्री और कोरापुट में एचएएल जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्थापित की गईं। उन्होंने याद दिलाया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ही भुवनेश्वर को राजधानी बनाया था। वहीं भाजपा का ओडिशा के लिए योगदान जीरो है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केंद्र में अपने 55 साल के शासन में 160 पब्लिक सेक्टर इकाइयां बनाईं थी, जबकि मोदी सरकार ने उनमें से ही 23 बड़े पीएसयू बेच दिए। उन्होंने आगे कहा कि सभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदी सरकार का कब्जा है। चुनाव आयोग द्वारा अब बिहार में चुनाव से ठीक पहले गरीब, शोषित और वंचित लोगों के वोट का अधिकार छीनने की कोशिश की जा रही है। खरगे ने भाजपा-आरएसएस द्वारा संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने के प्रयासों की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस हर जगह गरीबों और संविधान के खिलाफ बातें कहते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि संविधान बदलने के लिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 पार सीटों का नारा दिया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संविधान बदल गया, तो लोगों से मतदान का अधिकार छिन जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने जनता से आग्रह किया कि वे सोनिया गांधी द्वारा गरीब और आदिवासियों की रक्षा करने के लिए लाए गए 2006 के वन अधिकार अधिनियम की रक्षा करें, जिसे मोदी सरकार कमजोर कर रही है।

वहीं नेता विपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में हुई गड़बड़ी का उल्लेख किया, जहां लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच लगभग एक करोड़ नए वोटर सामने आ गए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के एक अंग के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही बिहार में भी चुनाव चोरी करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि पूर्ववर्ती बीजेडी सरकार की तरह ही ओडिशा की भाजपा सरकार का एकमात्र काम जनता से धन लूटना है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को बिना पूछे उनकी जमीन से हटाया जा रहा है, पेसा कानून लागू नहीं किया जा रहा और उन्हें पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार की फसल बीमा योजना का लक्ष्य गरीब किसानों का पैसा तीन-चार अरबपतियों को देने का है। राहुल गांधी ने ओडिशा में रोजगार सृजन की कमी और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 40 हजार से अधिक महिलाएं ओडिशा से गायब हो गई हैं, लेकिन भाजपा सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य में हर रोज 15 महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। राहुल गांधी ने जाति जनगणना को एक महत्वपूर्ण हथियार बताते हुए कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे लागू करने के बाद पता चला है कि समाज के विभिन्न वर्गों की कितनी आबादी और कितनी भागीदारी है। उन्होंने ओडिशा में भी जाति जनगणना की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, ओडिशा कांग्रेस प्रभारी अजय कुमार लल्लू, ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास, राम चंद्र कदम और अन्य प्रमुख नेतागण उपस्थित थे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शमा, पत्नी शाहबुद्दीन निवासी सी–एन तकिया मीरदर्द रोड, दरियागंज, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 255/21 भा.द.सं. की धारा 380/411 के तहत, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शमा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **शमा** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 255/21 भा.द.सं. की धारा 380/411 के तहत, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.08.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं.07, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/8809/SHD/2025


## हरियाणा में बढ़ते अपराधों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की हाई लेवल मीटिंग

सीएम के फिरौती मामलों पर मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश, पुलिस अधिकारी मुस्तैदी से करें काम

# बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए केवल जिला स्तर पर नहीं बल्कि थाना स्तर पर भी जवाबदेही तय की जाए: मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा में बढ़ते अपराध और रंगदारी-फिरौती की आए दिन सामने आ रही वारदातों को देखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक हाई लेवल मीटिंग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधों को रोकने के लिए केवल जिला स्तर पर ही नहीं, बल्कि थाना स्तर पर भी जवाबदेही तय की जाए।

वीरवार देर शाम को करीब 4 घंटे चली इस बैठक में मुख्यमंत्री ने आपराधिक मामलों पर पुलिस कार्रवाई, पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली में सुधार सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। सैनी ने कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, महाधिवक्ता हरियाणा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

सैनी ने कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधों की रियल टाइम रिपोर्टिंग और विश्लेषण के लिए तकनीकी साधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, ताकि पुलिस तंत्र और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बन सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने और जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने फिरौती के मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि फिरौती या रंगदारी जैसे गंभीर अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और ऐसे मामलों पर तुरंत अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सख्त निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों, विशेष रूप से कन्या महाविद्यालयों और कन्या विद्यालयों का नियमित अंतराल पर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बच्चों से संवाद कर उन्हें सजग करना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि स्कूल और कॉलेजों की छुट्टी के समय विशेष पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि छात्राओं और अभिभावकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बना रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि पुलिस ने कामकाजी महिलाओं और छात्राओं से संवाद करके विभिन्न हॉटस्पॉट और संवेदनशील रूट चिह्नित किए हैं। इन स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात हैं और पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है और पुलिस प्रशासन इस दिशा में पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 903–एमसी सोनीपत में स्ट्रीट लाइट का प्रचालन और रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.07.2025 | 1.31 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36508/I/88/7 दि. 11.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | चरखी दादरी में नई अनाज मण्डी में एम.सी. सम्पत्तियों अर्थात किसान विश्राम गृह और कॉमन प्लेटफॉर्म्स की वार्षिक मरम्मत (वर्ष 2025-26 हेतु) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 28.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |
| 2 | एचएसएएमबी भिवानी | बवानी खेड़ा में बुकलाना जोहड़ से खुशीराम यादव की ढाणी तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (रोड आईडी 12213)। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 1.93 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36533/1/88/7 दि. 11.07.25

## खबर संक्षेप

### पीसी ज्वेलर को 500 करोड़ की इक्विटी जुटाने मंजूरी



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने इस वर्ष के अंत तक कर्ज मुक्त होने की अपनी योजना के तहत अपने ऋण का पूर्व भुगतान करने को प्रवर्तकों और कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड से 500 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। दिल्ली स्थित पीसी ज्वेलर के कुल 52 शोरूम हैं, जिनमें से 49 कंपनी के स्वामित्व वाले हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 पर बंद



**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर घरेलू बाजार और व्यापार शुल्क अनिश्चितता के बीच रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडाई वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने से वैश्विक बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

### निप्पॉनप्लाई विस्तार पर करेगी 250 करोड़ रु. निवेश

SOURCE | STRENGTH | STYLE
NIPPONPLY
LONG LASTING PLY - SINCE 1994
PLYWOOD · VENEER · DOOR · LAMINATE

**नई दिल्ली।** गुजरात की निप्पोनप्लाई इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात के लिए उत्पादन बढ़ाने, ई-कॉमर्स बुनियादी ढांचे के विकास और डिजाइन केंद्र स्थापित करने के लिए अगले तीन वर्ष में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी पैनल और फर्नीचर विनिर्माण विस्तार में 65 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

# टेस्ला की भारत में दस्तक, मुंबई में 15 जुलाई को खोलेगी स्टोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोलेगी। कंपनी इसके उद्घाटन के साथ भारतीय बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

- चीन स्थित संयंत्र से भारत में पहली खेप उतार चुकी

जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने 15 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह को 'भारत में टेस्ला की शुरुआत' के रूप में पेश करते हुए चुनिंदा आमंत्रण भेजे हैं। इस बारे में फिलहाल टेस्ला से टिप्पणी नहीं मिल पायी है।

## मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोलेगी

### भारत अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करेगा

हालांकि, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसी वर्ष कहा था कि भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के अनुरूप नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा था कि इस संबंध में कानून और शुल्क नियम, दुनिया भर के सभी ईवी विनिर्माताओं को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में आधार स्थापित करने के लिए आकर्षित करने को तैयार किए जाएंगे।




### कंपनी शुल्क रियायत की मांग कर रही थी

टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने पिछले साल अप्रैल में कहा था कि कंपनी के भारी दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हुई है। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी शुरुआती शुल्क रियायत की मांग कर रही थी जिससे उसे 40,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत और अधिक मूल्य वाली कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की भरपाई करने की अनुमति मिल सके।

### गोदाम पांच साल के लिए पट्टे पर लिया

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ऑस्टिन स्थित कंपनी ने अपने चीन स्थित संयंत्र से कारों की पहली खेप 'मॉडल वाई' रियर-व्हील ड्राइव एसयूवी पहले ही बाजार में उतार दी है। टेस्ला इंडिया ने पिछले महीने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक पार्क में 24,565 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र को पांच साल की अवधि के लिए पट्टे पर लिया था।

### भारत में कारों के विनिर्माण में रूचि नहीं

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी भारत में कारों के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती, बल्कि देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए भारत में कारखाना लगाती है, तो यह अमेरिका के लिए 'अनुचित' होगा।

## पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत ईवी ट्रकों की खरीदी पर प्रोत्साहन मिलेगा

# सरकार ने इलेक्ट्रिक ट्रक को बढ़ावा देने शुरू की योजना, 9.6 लाख रुपए तक मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सरकार की पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद पर ग्राहकों को 9.6 लाख रुपये तक के प्रोत्साहन देने की योजना शुक्रवार को शुरू की। यह पहली बार है जब इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद को बढ़ावा देने के लिए योजना लायी गयी है।

इस योजना के तहत 10,900 करोड़ रुपये के बजट में से 500 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। बंदरगाह, लॉजिस्टिक, सीमेंट और इस्पात सहित अन्य उद्योग इस योजना के प्रमुख लाभार्थी होंगे। इसके तहत 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को समर्थन देने की योजना है।

### डीजल ट्रक की कुल तीन फीसदी हिस्सेदारी

कुमारस्वामी ने कहा, " कुल वाहन संख्या में डीजल ट्रक की केवल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद परिवहन-संबंधी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में इसका योगदान 42 प्रतिशत है। ये वायु प्रदूषण को काफी बढ़ा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित यह, इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए पहली योजना है।

- पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद बढ़ाने योजना लाई गई
- योजना के तहत 10,900 करोड़ के बजट से 500 करोड़ ट्रकों के लिए निर्धारित



### लॉजिस्टिक लागत होगी कम

कुमारस्वामी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह प्रयास 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा, स्थानीयकरण को प्रोत्साहित करेगा, लॉजिस्टिक लागत को कम करेगा और ईवी एवं बैटरी मूल्य श्रृंखलाओं में हरित रोजगार सृजित करेगा।

### प्रोत्साहन पाने पुराने ट्रकों को हटाना जरूरी

अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में दिल्ली में पंजीकृत करीब 1,100 ई-ट्रक के लिए प्रोत्साहन राशि आरक्षित है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के समाधान में मदद मलेगी। इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। ई-ट्रकों के लिए प्रोत्साहन प्राप्त करने हेतु पुराने प्रदूषणकारी ट्रकों को हटाना अनिवार्य है।

### फेम योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों का कोई घटक नहीं था

भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी ने कहा, " फेम योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों का कोई घटक नहीं था और यह पहली बार है कि सरकार ग्राहक-केंद्रित इलेक्ट्रिक ट्रक योजना शुरू कर रही है... इसका मतलब है कि 'पीएलआई वाहन' योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक विनिर्माता प्रोत्साहन के पात्र हैं। यह एक ऐसी योजना है जिसमें हम ग्राहकों को उचित सब्सिडी प्रदान करके सीधे इलेक्ट्रिक ट्रक खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं..।

### 12 से 55 टन तक जीवीडब्ल्यू ट्रक शामिल

इस योजना के तहत, केंद्रीय मोटर वाहन नियमों (सीएमवीआर) के तहत परिभाषित एन2 और एन3 श्रेणी (मध्यम एवं भारी माल ढुलाई के लिए) के इलेक्ट्रिक ट्रकों पर भी मांग प्रोत्साहन लागू किया जाएगा। एन2 श्रेणी में 3.5 टन से अधिक और 12 टन तक के सकल वाहन भार (जीवीडब्ल्यू) वाले ट्रक शामिल हैं जबकि एन3 श्रेणी में 12 टन से अधिक और 55 टन तक के जीवीडब्ल्यू वाले ट्रक शामिल हैं।

### बैटरी के लिए पांच साल की वारंटी शामिल होगी

इलेक्ट्रिक ट्रकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माता एक व्यापक विनिर्माता-समर्थित वारंटी प्रदान करेंगे। इसमें बैटरी के लिए पांच साल या पांच लाख किलोमीटर की वारंटी शामिल होगी जबकि वाहन एवं मोटर के लिए वारंटी पांच साल या 2.5 लाख किलोमीटर (जो भी पहले हो) होगी। कई मूल उपकरण विनिर्माताओं ने भारत में इलेक्ट्रिक ट्रकों का विनिर्माण शुरू कर दिया है।

# आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और श्रीराम फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने ग्राहक को ऋण देते समय भारत में विदेशी निवेश से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने 'भारतीय रिजर्व बैंक (डिजिटल ऋण) निर्देश, 2025' के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

एचडीएफसी बैंक पर जुर्माने के संबंध में आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया था, जिसके जवाब में बैंक ने लिखित उत्तर और मौखिक रूप से भी स्पष्टीकरण दिया था। आरबीआई ने कहा, "मामले के तथ्यों और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा दिए गए जवाब पर विचार करने के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उल्लंघन सिद्ध हो गए हैं और जुर्माना लगाना उचित है। आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2024 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में श्रीराम फाइनेंस का वैधानिक निरीक्षण किया गया था।

केंद्रीय बैंक के निर्देशों का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के आधार पर, कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया था।




- मानदंडों के उल्लंघन के लिए एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख का जुर्माना
- श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

**ई–निविदा सूचना सं० एस/आर डब्ल्यू पी/ई/2025–26/07 दिनांक: 09.07.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई.प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु **ऑनलाईन (ई खुली निविदा)** आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। **क्र.सं. : 1, निविदा सं. : 02255139, सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** Design, manufacturing and commissioning, **मात्रा :** 02 set, 02 Nos, **निविदा बन्द होने/ खुलने की तिथि :** 07/08/2025 at 14:00 Hrs., 1. वेबसाईट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, www.ireps.gov.in है। 2. बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/ बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाईट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी।

**कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, रेपका, बेला**
**आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2025–26/39**

**PUBLIC NOTICE**

I Pappujeet Singh Sarna S/o Sardar Jaswant Singh Sarna, Partner of J.S. Industries, Sareen Complex, 16/2, Mathura Road, Faridabad (Haryana) declare that we have given a Power of Attorney to Mr. Gagandeep Sarna. My partner Gurvinder Singh Sarna expired in April, 2021 since then main partner Pappujeet Singh Sarna is running J.S. Industries & now we have decided to withdraw the power of attorney of J.S. Industries from Gagandeep Sarna. In future we will not be responsible for any activity of Gagandeep Sarna. He himself will be liable for his activity.

# सोना 700 रुपये मजबूत, चांदी में 1,500 रुपये प्रति किग्रा की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 700 रुपये बढ़कर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से निवेशकों में चिंता के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ने से इसकी कीमत में तेजी आई है।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले बाजार बंद के समय यह 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,05,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बृहस्पतिवार को चांदी 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



- सोना बढ़कर 99,370 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी की कीमत भी 1,500 रुपए बढ़कर 1,05,500 प्रति किलोग्राम

### शुल्क संबंधी अनिश्चितता सामने आई

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अगस्त से कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर 15 से 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना का संकेत दिया है। गांधी ने कहा कि शुल्क संबंधी अनिश्चितता इस सप्ताह फिर से सामने आई है और यह सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं की ओर निवेश को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख कारक है।

# आईटी, वाहन शेयरों में बिकवाली से तीसरे दिन सेंसेक्स 690 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई

मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन और बिजली शेयरों में भारी बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 690 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 205 अंकों की गिरावट आई।

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी शुल्क को लेकर जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 689.81 अंक गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 205.40 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 अंक पर बंद हुआ।



- वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख रहा
- शुल्क बम को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी रही

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर जून तिमाही के नतीजे आने के बाद 3.46 प्रतिशत नुकसान में रहा। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने जून तिमाही में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो जाने की सूचना दी है।

### आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की धीमी शुरुआत और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गई।/" नायर ने कहा, आईटी कंपनियों को ऑर्डर मिलने और नए निवेश में देरी के कारण आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** – कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** – संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### टाटा एलेक्सी का मुनाफा घटकर 144.3 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** डिजाइन और प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा एलेक्सी का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 21.5 प्रतिशत घटकर 144.36 करोड़ रुपये रहा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### एचसीएल फाउंडेशन ने दिल्ली में एचसीएल टेक ग्रांट सिम्पोजियम श्रृंखला के 11वें संस्करण का किया समापन

**नोएडा।** भारत में वैश्विक तकनीकी कंपनी एचसीएल टेक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों के लिए जिम्मेदार एचसीएल फाउंडेशन ने एचसीएल टेक ग्रांट की पैन-इंडिया सिम्पोजियम श्रृंखला के 11वें संस्करण का नई दिल्ली में सफलतापूर्वक समापन किया। समापन सिम्पोजियम का विषय 'नीति से व्यवहार की ओर: नागरिक समाज की भूमिका' था, जिसमें 400 एनजीओ ने भाग लिया। इस वर्ष की श्रृंखला आठ शहरों — अहमदाबाद, जोधपुर, गंगटोक, बेंगलुरु, रांची, पुणे और भोपाल — से होकर गुजरी और नई दिल्ली में समापन हुआ, जिसमें 1,700 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया। इसमें एनजीओ, विषय विशेषज्ञ, सरकारी प्रतिनिधि और सामुदायिक नेता शामिल रहे जो सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रत्येक शहर में जमीनी विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक पहलों और जलवायु परिवर्तन जैसे विभिन्न सीएसआर विषयों पर केंद्रित चर्चा हुई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **महेंद्र सिंह पुत्र** पाल सिंह, **पता:** बी–60, गली नंबर 4, ईस्ट आजाद नगर दिल्ली–51 **एंव** पी–125 गली नंबर 08, शंकर नगर एक्सटेंशन दिल्ली 3. एवं ग्राम ताल विभियाना, थाना शमेदगढ़, बुलंद शहर, **उत्तर प्रदेश CT Case No. 80/2012 U/s: 256/279/411 IPC, पुलिस थाना: कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र सिंह, CT Case No. 80/2012 U/s: 256/279/411 IPC, पुलिस थाना: कृष्णा नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05,
कोर्ट नं 3, पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/9139/SHD/2025
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 5925




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल–पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

### शब्द पहेली- 5924 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



# विंबलडन : सीनियाकोवा और वरबीक की जोड़ी ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

## स्टेफेनी और सैलिसबरी की मजबूत जोड़ी को सीधे सेटों में दी मात

एजेंसी ▶▶| लंदन

महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खिताब अपनी झोली में डाला। वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया।



### सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन

सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के तोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था। सिनियाकोवा ने जो 10 महिला युगल खिताब जीते हैं उनमें से सात क्रेजिकोवा के साथ, दो टेलर टाउनसेंड के साथ और एक पिछले साल के फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ हासिल किए।

## विंबलडन को लगातार आठवीं बार मिलेगी नई महिला चैंपियन





आल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर अमांडा अनिसिमोवा और इगा स्वियातेक के बीच शनिवार को होने वाले विंबलडन फाइनल मुकाबले से इस ग्रैंडस्लैम में लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन देखने को मिलेगी। अमेरिकी ओपन 2022 के बाद सेरेना विलियम्स के संन्यास लेने के बाद से ऐसी कोई भी प्रभावशाली खिलाड़ी देखने को नहीं मिली है, जिसने पूरी तरह से दबदबा बनाया हो और इससे नए चेहरों को काफी मौके मिले है, जैसे कि 13वीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी अनिसिमोवा पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। अब वह पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक से भिड़ेंगी, जिनके नाम रोलां गैरां में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी है। लेकिन स्वियातेक इससे पहले विंबलडन में क्वार्टर फाइनल से आगे तक नहीं बढ़ पाई थीं। पोलैंड की 24 साल की स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं यहां फाइनल में खेलूंगी।' स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कोर्ट पर सब कुछ अनुभव कर लिया है। लेकिन मुझे ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेलने का अनुभव नहीं है।' उन्होंने गुरुवार को सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनसिच पर 6-2, 6-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

---

## खबर संक्षेप

### तीरंदाजी संघ ने एमिटी विश्वविद्यालय से किया करार

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने शुक्रवार को एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत तीरंदाजों को प्रमाणपत्र कार्यक्रम और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने खेल करियर से समझौता किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस समझौते के तहत एमिटी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए उनकी चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के अनुरूप स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम तैयार करेगा। विश्वविद्यालय इसके अलावा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। इस योजना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के पात्र होंगे, जिसमें पूरे पाठ्यक्रम की फीस का भुगतान शामिल होगा। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि राज्य और जिला स्तर के तीरंदाजों को फीस में 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।

### ओडेई ओनाइंडिया ने एफसी गोवा को छोड़ा

**पणजी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब एफसी गोवा और उसके कप्तान ओडेई ओनाइंडिया ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। स्पेन के



35 वर्षीय खिलाड़ी ने आईएसएल के पिछले सत्र में एफसी गोवा की तरफ से अधिकतर मैच खेले थे। वह दो साल पहले एफसी गोवा से जुड़े थे। इससे पहले वह हैदराबाद एफसी की तरफ से खेलते थे। एफसी गोवा ने एक्स पर कहा, 'हमारे कप्तान ने अपना सबकुछ झोंक दिया, हर टैकल, हमारे बैज के लिए पसीने की हर बूंद। उन्होंने पिछले दो वर्षों में दिखाया कि एफसी गोवा का खिलाड़ी होने का असली मतलब क्या होता है। हर चीज के लिए उनका आभार और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

### नीतीश ने की सटीक गेंदबांजी : कुंबले



**लंदन।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने कहा, 'मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे, जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, 'नीतीश ने आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था तथा शतक लगाया था।

---

## इंग्लैंड के पहली पारी में 387 रन, भारत के तीन विकेट पर 145 रन

# ऐतिहासिक मैदान में रूट ने जड़ा शतक जसप्रीत बुमराह ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (74 रन देकर पांच विकेट) के सुबह के खतरनक स्पैल के बाद शुक्रवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जो रूट के 37वें शतक के बावजूद इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन पर समेटने के बाद स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 145 रन बना लिए। बुमराह ने इस तरह कपिल देव के विदेशी सरजमीं पर 12 बार पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और लॉर्ड्स पर 'ऑनर्स बोर्ड' पर अपना नाम दर्ज कराया। बुमराह ने इस तरह टेस्ट में 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा दिखाया।

उन्होंने पहले टेस्ट की पहली पारी में भी पांच विकेट झटके थे। स्टंप तक केएल राहुल 53 रन और ऋषभ पंत 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारतीय टीम इंग्लैंड से पहली पारी के हिसाब से 242 रन पीछे है। राहुल ने निरंतरता जारी रखते हुए शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर 97 गेंद में 50 रन पूरे किए। भारत ने चाय काल तक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13 रन) का गंवा दिया था। करूण नायर 40 रन बनाकर आउट हुए जो एक बार फिर अच्छी शुरूआत को लंबी पारी में तब्दील नहीं कर सके।




इंग्लैंड ने कप्तान शुभमन गिल (16) को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। युवा खिलाड़ी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का पहला शिकार बने। आर्चर की वापसी में तीसरी गेंद जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरी स्लिप में खड़े हैरी ब्रुक के हाथों में चली गई। लेकिन अनुभवी राहुल और नायर डट कर खेल थे। नायर हालांकि आर्चर और ब्रायडन कार्स की गेंदों के खिलाफ थोड़े असहज दिखे।

### गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस

यह हैरानी भरा था कि शुभमन गिल लगभग 10 ओवर पुरानी दूसरी नई ड्यूक्स गेंद को बदलना चाहते थे। अंपायरों ने गिल का अनुरोध स्वीकार कर लिया था, लेकिन भारतीय खिलाड़ी बदली हुई गेंद से खुश नहीं थे। इसके कारण गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस हुई। इंग्लैंड ने शुरुआती घंटे में 7 विकेट पर 307 रन बना लिए। इसके तुरंत बाद सत्र में दूसरी बार गेंद बदली गई, जिससे इंग्लैंड में इस्तेमाल की जाने वाली गेंदों पर बहस और तेज हो गई।

### भारत के खिलाफ लॉर्डस में रूट का आठवां शतक

भारत के खिलाफ लगाया गया यह शतक इस मैदान पर रूट का आठवां सैकड़ा भी था, जो इतिहास में किसी भी बल्लेबाज की ओर से बनाए गए सबसे ज्यादा शतक है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन और ग्राहम गूच इस मैदान पर छह-छह शतक लगाकर दूसरे स्थान पर हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 51 शतक |
| जैक कैलिस | 45 शतक |
| रिकी पोंटिंग | 41 शतक |
| कुमार संगकारा | 38 शतक |
| जो रुट | 37 शतक |
| स्टीव स्मिथ | 36 शतक |

### रूट का लॉर्ड्स में लगातार तीन शतक

दाएं हाथ के बल्लेबाज रूट लॉर्ड्स में माइकल वॉन (2004-05) और सर जैक 'मास्टर' होब्स (1912-1926) के बाद लगातार तीन शतक लगाने वाले इंग्लैंड के तीसरे बल्लेबाज भी बने। अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों में इस प्रतिष्ठित मैदान पर शतकों की हैट्रिक का गौरव सिर्फ दिलीप वेंगसरकर के नाम (1979, 1982, 1986) है। रूट ने यहां अपनी पिछली दो पारियों में 143 और 103 रन बनाए थे।

---

संन्यास की घोषणा

## मूर ने क्रिकेट से लिया संन्यास खेल चुके हैं 85 अंतर्राष्ट्रीय मैच



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आयरलैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पीटर मूर ने 34 साल की उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में तीनों फॉर्मेट में मिलाकर कुल 85 मैच खेले। बता दें कि, आयरलैंड के इस बड़े खिलाड़ी ने इस टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया था। उन्होंने आयरलैंड के लिए सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेला।

वहीं, आयरलंड के पीटर मूर ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच उसी देश के खिलाफ खेला, जिसके लिए उन्होंने डेब्यू किया था। जी हां इस बल्लेबाज ने दो देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला। 2 फरवरी 1991 को मूर का जन्म जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में हुआ था।

पीटर मूर ने अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू 26 नवंबर 2014 को जिम्बाब्वे के लिए खेलते हुए बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ही 2016 में टेस्ट और टी20 में डेब्यू किया।

2019 में उन्हें जिम्बाब्वे का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया, लेकिन इसके बाद उनके करियर में एक नया मोड़ आया। पीटर मूर ने आयरिश पासपोर्ट मिलने के बाद आयरलैंड क्रिकेट टीम में जगह बना ली। उन्होंने ढाका में साल 2023 में 32 साल की उम्र में आयरलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया।

### लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग।** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी।

---

नीरज चोपड़ा ने कहा-

## ट्रेनिंग के दौरान अपनी एक समस्या पर कर रहा हूं काम




एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या की पहचान की है और जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। चोपड़ा 13-21 सितंबर को तोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं।

वह 57 दिन तक चेक गणराज्य के प्राग और निम्बर्क में ट्रेनिंग लेंगे। वह आज रात अपने फिजियो इशान मारवाह के साथ रवाना होंगे और पांच सितंबर तक यूरोपीय देश में रहेंगे, जिसका कुल खर्चा 19 लाख रुपए है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पहले ही अपनी कमी की पहचान कर ली है, जिन पर मुझे काम करने की जरूरत है। भाला फेंकते समय मैं अक्सर अपनी बाईं ओर गिर जाता हूं। हमें इस पर काम करने की जरूरत है। ट्रेनिंग में मैं ऐसा नहीं करता लेकिन प्रतियोगिता में अतिरिक्त प्रयास के कारण ऐसा होता है।' दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि उन्हें बार बार 90 मीटर का आंकड़ा छूने के लिए निरंतरता पर भी काम करने की जरूरत है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने इस साल 90 मीटर की दूरी तय की है। लेकिन इसे बार बार हासिल करने के लिए मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। मैं लगातार 88-89 मीटर के आसपास भाला फेंक रहा हूं और मेरे कोच ने कहा कि वह खुश हैं लेकिन मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।'

### सुरक्षा समीक्षा के बाद ही टीम भारत भेजेंगे : पाक

**कराची।** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, 'सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी।'

---

## ज्योति, परनीत तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर ने तीरंदाजी विश्व कप चौथे चरण में कंपाउंड महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहीं जबकि मिश्रित टीम कांस्य पदक की दौड़ में बनी हुई है, मौजूदा एशियाई खेल चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति ने तुर्की की हजल बुरुन को 147-144 से हराया, जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त परनीत ने भी तुर्की की ओनुर क्यूर गिरडी को 142-141 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। दोनों तीरंदाज सेमीफाइनल में अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेंगी, जिससे भारत को महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में दो पदक हासिल करने का मौका होगा। पुरुष

■ कंपाउड मिश्रित टीम कांस्य की दौड़ में

कंपाउंड तीरंदाजों ने हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में निराश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव दूसरे दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें इटली के माइकिया गोडानो से 141-143 से हार मिली। अमन सैनी और प्रियांश का अभियान भी जल्दी खत्म हो गया। क्वालीफाइंग वर्ग में 1431 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड कायम करने वाली ज्योति और यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी मिश्रित टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड की जोड़ी से 155-152 से शिकस्त मिली।

---

# गौतम गंभीर ने बीसीसीआई के परिवार नियम का किया समर्थन

### भारतीय कोच ने कहा-यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों



के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी।

गंभीर ने चेतेश्वर पुजारा से कहा, 'परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं, जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।'इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था।

---

## एजबेस्टन में आज होगा टी-20 श्रृंखला का अंतिम मैच

# जीत के साथ सीरीज का अंत करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में अपना दबदबा कायम रखते हुए 5 मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का शानदार अंत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद ने कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही, जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के




सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की। टी20 श्रृंखला में मिली इस जीत से भारत ने तीन मैच की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का भी सबूत पेश किया।

### स्पिनरों का शानदार प्रदर्शन

भारतीय टीम अब वनडे श्रृंखला में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। अंतिम मैच में जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 4-1 की बढ़त मिल जाएगी और इंग्लैंड का आत्मविश्वास भी डगमगा जाएगा। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में यादगार जीत हासिल की थी और महिला टीम भी उसी मैदान पर जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए हैं और श्रृंखला में अब तक स्पिनरों के खिलाफ 22 विकेट गंवा चुके हैं।

### शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं राधा

राधा यादव को पिछले मैच में दो विकेट और शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था जबकि युवा एन श्री चरणी इस श्रृंखला की शुरुआत में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली बन गई है। बल्लेबाजी विभाग में स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन हरमनप्रीत अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं और वह वनडे श्रृंखला से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी।

## राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई कोर के पूर्व छात्रसंघ की शासी परिषद की पहली बैठक

# एनसीसी के मौजूदा और पूर्व कैडेटों की राष्ट्र निर्माण में बढ़ेगी भागीदारी: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पूर्व छात्र संघ यानी एनसीसीएए की शासी परिषद की पहली बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि दुनिया के सबसे बड़े वर्दीधारी युवा संगठन एनसीसी के मौजूदा और पूर्व कैडेटों की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी को बढ़ाने के लिए सभी को एक छतरी के नीचे लाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनसीसी के इस पूर्व छात्रसंघ के पहले सदस्य हैं। जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दूसरे पूर्व छात्र के रूप में एनसीसीएए में अपना पंजीकरण किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिवारी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, शिक्षा सचिव संजय कुमार, युवा मामलों के विभाग के सचिव डॉ.पल्लवी जैन गोविल, रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव श्रीमती दीप्ति चावला, एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह शामिल हुए।


रक्षा मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए

### मजबूत भारत के स्तंभ हैं पूर्व कैडेट

जहां एक ओर एनसीसी को एक ऐसा शानदार मंच बताया जो देश के युवाओं के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने कोर के पूर्व कैडेटों को भारत के मजबूत स्तंभ के रूप में परिभाषित किया और कहा कि वे अलग-अलग क्षेत्रों में देश के विकास में निष्क्रियता नहीं बल्कि पूरी सक्रियता के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व कैडेटों की सलाह को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही एनसीसीएए पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह एनसीसी को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।

### एनसीसी प्लस के जरिए पहुंचता संदेश

*राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि एनसीसी को अपने कैडेटों के मूल्यों और गुणों को समाज के बड़े तबके तक 'एनसीसी प्लस' की भावना के साथ पहुंचाना चाहिए। कोर यह काम बहुत अच्छी तरह से कर सकती है। हमारी कोशिश और प्रयास होना चाहिए कि ये मूल्य और गुण उन लोगों तक पहुंचे जो एनसीसी से अब तक नहीं जुड़ पाए हैं। एनसीसीएए सक्रियता के साथ राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों और कार्यक्रमों जैसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत, स्वच्छता अभियान व कई अन्य सामुदायिक विकास कार्यक्रम और सामाजिक सेवा योजनाओं में भागीदारी कर रही है। यह तमाम गतिविधियां और योजनाएं आबादी को विस्तृत पैमाने पर प्रभावित करती हैं।*

### एनसीसी के योगदान की प्रशंसा की

*उन्होंने युवाओं के बहुमुखी विकास के लिए एनसीसी के सराहनीय योगदान की सराहना की और कहा कि यह अपने आदर्श वाक्य से जुड़ी सच्ची भावना एकता और अनुशासन से पूरी तरह से मेल खाता है। कोर पूरी तरह से भारत की एकता और राष्ट्र-निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। उसने लाखों युवाओं की मदद की है। जिसमें सुदूर इलाकों में रहने वाले छात्र भी शामिल हैं। एनसीसी की मदद से वे भी अनुशासित और प्रेरित हुए हैं।*

---

चीन-पाक से दो मोर्चों पर मिलती युद्ध की चुनौती के बीच बढ़ेगी वायुसेना की युद्धक क्षमता

## वायुसेना ने सुखोई लड़ाकू विमान से किया अस्त्र एयर टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना और डीआरडीओ को दी बधाई


फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर चीन-पाकिस्तान से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता में कई गुना इजाफा देखने को मिला। जिसके पीछे का सबसे बड़ी वजह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना द्वारा सुखोई-30-एमकेआई लड़ाकू विमान से स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के साथ किया गया हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) मिसाइल का सफल परीक्षण है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षण ओडिशा तट के करीब स्थित एकीकृत चांदीपुर परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया। जिसमें दो बार मिसाइल को लांच कर अलग-अलग रेंज पर मौजूद उच्च-गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्यों (ड्रोन जैसे) पर निशाना लगाया गया। मिसाइल ने अपनी पूर्ण मारक क्षमता का सटीकता के साथ प्रदर्शन किया और दोनों ही बार निर्धारित लक्ष्यों को अपने वार से तबाह कर दिया। परीक्षण में लक्ष्य से जुड़े हुए तमाम बिंदुओं और लांच प्लेटफार्म की स्थिति को ध्यान में रखा गया था। परीक्षण स्थल पर लगाए गए विभिन्न निगरानी उपकरणों के जरिए मिसाइल की 360 डिग्री निगरानी की गई। परीक्षण से अस्त्र हथियार सिस्टम की सत्यता पुनः प्रमाणित हुई है। वर्ष 2023 में स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस से भी अस्त्र मिसाइल का परीक्षण किया गया था। भविष्य में वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल अन्य आयुधों के जरिए भी इसकी मारक क्षमता को परखा जा सकता है।

**रक्षा मंत्री ने दी बधाई:** परीक्षण की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना, डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी। यह सभी स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के डिजाइन और विकास में शामिल रहे। रक्षा मंत्री ने सीकर के साथ किए गए अस्त्र मिसाइल के इस सफल परीक्षण को चुनौतीपूर्ण रक्षा तकनीक से जुड़ा एक बड़ा मील का पत्थर करार दिया। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर वी.कामत ने परीक्षण में शामिल रही सभी टीमों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

**100 किमी से ज्यादा है अस्त्र की रेंज:** मंत्रालय ने बताया कि अस्त्र मिसाइल की रेंज यानी मारक क्षमता 100 किलोमीटर से ज्यादा है। यह स्टेट ऑफ द आर्ट गाइडेंस और नेवीगेशन सिस्टम से लैस है। इसके अलावा डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं, 50 से अधिक सार्वजनिक-निजी उद्योगों ने भी इस परीक्षण को कामयाब बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उद्योगों में हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड भी शामिल रहा है। इन सभी की मदद से मिसाइल में मौजूद हथियार सिस्टम ने बखूबी काम किया और लक्ष्यों पर सटीकता के साथ अचूक वार किया। यह परीक्षण अपनी सभी अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। सीकर को डीआरडीओ ने स्वदेश में डिजाइन के साथ विकसित किया है।

**अस्त्र मिसाइल की खूबियां:** गौरतलब है कि अस्त्र एक दृश्य सीमा से परे (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। जिसे डीआरडीओ ने स्वदेश में विकसित किया है। यह हवा से हवा में मार करने वाली भारत द्वारा विकसित की गई पहली मिसाइल है। कुल करीब 80 किलोमीटर की रफ्तार से आगे बढ़ रहे दुश्मन के हवाई लक्ष्यों पर अस्त्र सटीकता के साथ हमला करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने इस मिसाइल को सुखोई, मिराज, मिग-21, सी हैरियर और तेजस लड़ाकू विमान में लगाने के लिए विकसित किया है। आसमान में यह मिसाइल करीब 20 हजार फीट की ऊंचाई से भी दुश्मन पर धावा बोल सकती है। इसमें लगे स्वदेशी रेडियो सीकर की खासियत यह है कि इसकी मदद से मिसाइल एक बार अपना लक्ष्य तय करने के बाद यानी उसे लॉक करने के बाद अपने घातक वार से उसे नष्ट करके ही दम लेती है। रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस मिसाइल लगे लड़ाकू विमान में सवार पायलट को इसका एक सबसे बड़ा फायदा ये है कि एक बार टारगेट लॉक होने के बाद वो बिना किसी चिंता के अपने दूसरे लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकता है। क्योंकि मिसाइल स्वतः ही पुराने लक्ष्य का काम तमाम करके ही दम लेगी।

---

अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के पास मुश्किल हालात में फंसे हुए थे दोनों

## तटरक्षकबल ने अमेरिकी नौका के चालक दल के दो सदस्यों को बचाया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षकबल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के पास इंदिरा पॉइंट के दक्षिण-पूर्व में करीब 52 समुद्री मील की दूरी पर फंसी हुई अमेरिकी नौका 'सी एंजल' के चालक दल के दो सदस्यों को सुरक्षित बचाया है।

यह नौका अत्यंत खराब मौसम में फटी हुई पाल और उलझे हुए प्रोपेलर के कारण समुद्र में आगे बढ़ने में अक्षम हो गई थी। तटरक्षकबल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और उसमें बताया कि यह पूरा मामला बीते 10 जुलाई है। जिसमें बल ने एक राहत एवं बचाव अभियान चलाकर अमेरिकी नौका में सवार चालक दल के दोनों सदस्यों को सुरक्षित बचाया। इसके ठीक अगले दिन यानी 11 जुलाई 2025 की सुबह नौका को सफलतापूर्वक खींचकर कैंपबेल बे बंदरगाह तक पहुंचाया गया है।

**जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया:** तटरक्षकबल ने बताया, बचाव अभियान के दौरान जैसे ही हमें संकट चेतावनी मिली। एमआरसीसी पोर्ट ब्लेयर ने सभी निकटवर्ती व्यापारी जहाजों को सतर्क किया और प्रोटोकॉल शुरू किए। इसके अलावा तटरक्षकबल के पोत राजवीर को भी तैनात किया गया। अमेरिकी नौका में फंसे हुए चालक दल के साथ संचार स्थापित किया गया। तेज हवाओं और यांत्रिक अक्षमता के बावजूद चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109